RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 77 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 08 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# 15 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश धरातल पर उतारा : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नोएडा पहुंचे, सीफी कंपनी के डाटा सेंटर का किया उद्घाटन




**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के दौरे पहुंचे। इस दौरान वह नोएडा में गंगाजल परियोजना के विस्तार समेत 924 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और हजारों रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर सेक्टर-128 स्थित जेपी विश टाउन के हेलीपैड पर उतरे। यहां उनका स्वागत गौतमबुद्धनगर के सांसद डा. महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरूण वीर सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव आदि ने किया।

इसके बाद वह सिफी कंपनी के डेटा सेंटर और एमओक्यू सॉफ्टवेयर कंपनी का भी शुभारंभ, साथ ही माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के नए ऑफिस के भूमिपूजन में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के बड़े आईटी हब के रूप में विकसित हुआ है। यह क्षेत्र आज के युवा और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। आज का युवा अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहाकि मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने प्रदेश में 15 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव को जमीन पर उतारा है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने में हमने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों में कानून व्यवस्था तथा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाया है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से सिंगल विंडों के जरिए निवेशकों को राहत दी गई है। एमओयू मॉनीटनिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल से योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उनकी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है जो निवेश उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है उसका उन्हें लाभ जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सुनील कुमार शर्मा, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह व नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री इन कंपनियों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जो करीब 15,250 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इन निवेशों से 11,700 रोजगार के अवसर उत्पन्न होने का दावा किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीफी कंपनी का डेटा सेंटर का सेक्टर-132 के भूखंड संख्या-बी-11, 12 और 13 में बने डेटा सेंटर का लोकार्पण किया। कंपनी करीब 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 700 लोगों को रोजगार देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। कंपनी करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और 3,000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने सेक्टर-145 के भूखंड संख्या-ए-3 पर बनी सॉफ्टवेयर कंपनी का भी शुभारंभ किया जो 1,9800 वर्ग मीटर में फैली हुई है। मुख्यमंत्री इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए। यहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे तथा कई योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

इस दौरे से उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।










सेक्टर-129 स्थित विश टाउन में बने हैलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन करते गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, दादरी के विधायक धीरेन्द्र सिंह, यीडा के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी तथा कार्यकर्ता।

## इजरायली महिला समेत दो से गैंगरेप, तीन पुरूषों को नहर में फेंका

**बैंगलूरू (एजेंसी)।** कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कुछ अज्ञात लोगों ने एक विदेशी पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और उनके साथ मौजूद तीन पुरुषों के साथ मारपीट कर उन्हें पानी में फेंक दिया। इनमें से एक युवक का शव शनिवार सुबह बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात 11:00 से 11:30 बजे के बीच सनापुर झील के पास हुई। आरोपियों ने 27 वर्षीय इजरायली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय होमस्टे संचालिका के साथ दुष्कर्म किया।



ओडिशा का एक पर्यटक, जो घटना के वक्त पीड़ित महिलाओं के साथ था, गायब हो गया था। हमलावरों ने उसे तुंगभद्रा नहर में फेंक दिया था. शनिवार सुबह उसका शव नहर में मिला। वहीं, अमेरिका और महाराष्ट्र के दो अन्य पर्यटक मारपीट में घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस जघन्य अपराध की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई है। इस घटना के बाद गंगावती रूरल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मृतक का शव मिलने के बाद, अब हत्या की धाराएं भी जोड़ी जाएंगी।

## अमरजीत को विद्युत यांत्रिकी खंड-1 में वरिष्ठ प्रबंधक का प्रभार

**नोएडा (चेतना मंच)।** जल विभाग में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर तैनात अमरजीत सिंह को विद्युत यांत्रिकी खंड-1 में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है। यह जानकारी कार्यालय आदेश के जरिए कार्मिक विभाग के सहायक महाप्रबंधक संजीव कुमार बेदी ने दी है।

उन्होंने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आदेश में कहा गया की अग्रिम आदेश तक अमरजीत सिंह जल विभाग के पूर्व कार्यों के साथ-साथ विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक का कामकाज भी देखेंगे।

## मीडियाकर्मी के घर में लाखों की चोरी

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में एक समाचार पत्र में नौकरी करने वाले शुक्रवार को शादी समारोह में अपनी ससुराल गए थे। पीछे से चोरों ने उनका घर साफ कर लाखों रूपये का सामान चोरी कर लिया। चोर घर में लगा टीवी तक उखाड़कर ले गए।



चौकीदार ने सूचना दिया की आपके फ्लेट से पानी निकल रहा हैं इस सूचना पर अभिताभ अस्थाना निवासी ए 4 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2 जब अपने घर आकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ हैं, अलमारी टूटी हुई हैं, अलमारी में रखे 70 हजार नगद लगभग 80 हजार का गोल्ड एलसीडी म्यूजिक सिस्टम अन्य कीमती सामान तीन सूट भरकर कर ले गए। पुलिस में जांच शुरू कर दिए थाना प्रभारी बृजेश कुमार का कहना है चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। चोरों ने यहां तक की बाथरूम की टूटी तक तोड़ कर ले गए वहीं के चूल्हा से बर्नल तक चोरी कर कर ले गए।

## टक्कर के बाद फ्लाईओवर से नीचे गिरा युवक, हुई मौत

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के फ्लाईओवर पर शुक्रवार रात को एक तेज रफ़्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक बाइक के साथ फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार ड्राइवर को गिरफ़्तार कर लिया है। (शेष -3 पर)



## ... औपचारिकता बनकर न रह जाए महिला दिवस!

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

**नोएडा (चेतना मंच)।** महिला दिवस आज के दौर में केवल एक औपचारिकता मात्र बनके रह गया है। 'महिला दिवस' एक फोटोशूट से ज्यादा कुछ भी नहीं है। महिला दिवस पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए कि हम उन महिलाओं को आगे ले आए जो विषम परिस्थितियों से जुझती हुई आगे आई है और अन्य महिलाओं के लिए एक मिसाल बनी है। यह कहना है भाजपा की वरिष्ठ नेत्री, चिंतक, विचारक तथा सामाजिक उद्यमी नीता वाजपेयी का।


नीता वाजपेयी

उन्होंने बताया कि समाज में हर स्तर पर इस तरह की महिलाएं मौजूद है। लेकिन हम उन्हें ढूंढने की बजाय एक सम्मान समारोह आयोजित करके अपने कर्तव्य का निर्वहन कर लेते हैं। हमें प्रण यह लेना चाहिए कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी महिला को कभी भी, कहीं भी, आवश्यकता हो तो हम महिलाएं उसके लिए खड़ी हों। उनको सशक्त बनाने और न्याय दिलाने में हम महिलाओं की अहम् भूमिका हो,तो कुछ बात बने। सबसे आवश्यक यह है कि हम महिलाओं को एक दूसरे पर भरोसा करना होगा। तभी हमारी इज्जत और सम्मान दूसरा करेगा। हमें विशेष ध्यान इस बात पर देना चाहिए कि हमें महिलाओं को सशक्त और मजबूत कैसे बनाना है? आर्थिक रूप तथा शारीरिक रूप से कैसे वह मजबूत हो, इस पर ध्यान देना है। मैं सभी का ध्यान इस तरफ भी आकर्षित करना चाहूंगी कि सरकार ने इतने सारे कानून हमारे लिए बनाए हैं। जिसका प्रयोग हमें सोच समझ कर करना है। ताकि कोई भी हमारे ऊपर उंगली ना उठा सके 'हम महिलाएं उन कानूनों का फायदा उठा रही है'।

भाजपा नेत्री नीता बाजपेयी का कहना है कि हम एक ऐसे 'स्वर्णिम काल' में है जहां पर हमारी परवाह, हमारी भावनाओं की कद्र हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा व्यक्तित्व कर रहा है। तो हमें सिर्फ इस पर विशेष ध्यान देना है कि आगे कैसे बढ़ाना है और इसकी जानकारी प्राप्त करना है। जब हमें इसकी पूर्ण रूप से जानकारी होगी तो हम सही दिशा अपनाते हुए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण खुद का और दूसरी महिला का भी कर सकते हैं। आज हम उस काल में हैं जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कानून में संशोधन करने के साथ विभिन्न योजनाओं के माध्यम हम महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है।

हमें सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं की विशेष जानकारी महिलाओं तक पहुंचाने का कार्य करना है और उनको उनकी आवश्यकता के अनुसार वहां तक पहुंचाना है जहां से उनको आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की जा रही है। महिलाओं को सही पेपर वर्क की जानकारी भी उपलब्ध कराना है। जब महिलाओं को सफल होने के लिए सही साधन दिए जाते हैं तो, न केवल अपने लिए बल्कि अपने आसपास के लोगों के लिए भी महिलाएं अविश्वसनीय भविष्य का निर्माण करती है।

## मुठभेड़ में स्नैचर घायल

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** थाना कविनगर पुलिस टीम ने एक मुठभेड़ के दौरान स्नैचर को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1 तमंचा, 1 जिंदा कारतूस, 1 खोखा कारतूस, चोरी की 1 मोटरसाइकिल व स्नेचिंग की गई मंगल सूत्र को गलाकर बनवाई एक पीली धातु की गोली एवं स्नैच किए गए मोबाइल को बेचकर प्राप्त 800/- रूपये बरामद हुए हैं।



थाना कवि नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम विवेकानंद तिराहा महाराणा प्रताप चौक के पास चैकिंग कर रही थी तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार शास्त्री नगर चौराहे की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया पुलिस टीम ने बाइक सवार को रोकने का इशारा किया तो वह रुका नहीं और पीछे की तरफ मुड़कर भागने लगा। जल्दबाजी में उसकी बाइक फिसल गई और वह गिर गया।

पुलिस को पीछे आता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## करंट लगने से किशोर की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गांव में रहने वाले एक 17 वर्षीय युवक को बीती रात को बिजली का करंट लग गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बिजली के खंभे से तार टूटकर जमीन पर गिर गई थी, जिसकी चपेट में आने से युवक की मौत हुई है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात को तिलपता गांव में रहने वाले दीपांशु उर्फ बॉबी (17 वर्ष) नामक किशोर तिलपता गांव में जा रहा था, तभी खंभे से बिजली की तार टूटकर जमीन पर गिर गई, तथा किशोर बिजली की तार की चपेट में आ गया। जिसकी वजह से उसे करंट लग गया। गंभीर हालत मे उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महंगा इलाज

यह खबर परेशान करती है कि देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते। यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दर्शाता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है। दरअसल, अस्पताल की फार्मेसी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति-नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा-निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निर्माताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन-कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन-औषधि केंद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी,गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं। निश्चित रूप से औषधि विनियामक प्रणाली में सुधार करने से तमाम असहाय रोगियों की परेशानियों को कम करने में मदद मिल सकती है। एक रिपोर्ट बताती है कि सरकारी अस्पतालों की तुलना में निजी अस्पतालों का खर्च सात गुना होता है। खासकर कोरोना काल के बाद चिकित्सा खर्च में खासी बढ़ोतरी हुई है। निस्संदेह, राज्य सरकारों को इस मुद्दे पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर उचित गाइडलाइंस बनानी चाहिए। निजी अस्पतालों व मरीजों के हितों के मद्देनजर राज्य सरकारों के संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे मुनि! सुनिए, मोह तो उसके मन में होता है, जिसके हृदय में ज्ञान-वैराग्य नहीं है। आप तो ब्रह्मचर्यव्रत में तत्पर और बड़े धीर बुद्धि हैं। भला, कहीं आपको भी कामदेव सता सकता है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नारद कहेउ सहित अभिमाना। कृपा तुम्हारि सकल भगवाना॥**
**करुनानिधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गरब तरु भारी॥**

नारदजी ने अभिमान के साथ कहा- भगवन! यह सब आपकी कृपा है। करुणानिधान भगवान ने मन में विचारकर देखा कि इनके मन में गर्व के भारी वृक्ष का अंकुर पैदा हो गया है॥

**बेगि सो मैं डारिहउँ उखारी। पन हमार सेवक हितकारी॥**
**मुनि कर हित मम कौतुक होई। अवसि उपाय करबि मैं सोई॥**

मैं उसे तुरंत ही उखाड़ फेंकूँगा, क्योंकि सेवकों का हित करना हमारा प्रण है। मैं अवश्य ही वह उपाय करूँगा, जिससे मुनि का कल्याण और मेरा खेल हो॥

**तब नारद हरि पद सिर नाई। चले हृदयँ अहमिति अधिकाई॥**
**श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी॥**

तब नारदजी भगवान के चरणों में सिर नवाकर चले। उनके हृदय में अभिमान और भी बढ़ गया। तब लक्ष्मीपति भगवान ने अपनी माया को प्रेरित किया। अब उसकी कठिन करनी सुनो॥

(क्रमशः...)

# दुनिया के हीरो बनते वोलोडिमिर जेलेंस्की

भले ही अमेरिका के सामने यूक्रेन को मजबूरी में कोई समझौता करना पड़े पर इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि व्हाइट हाउस की हालिया घटना से यूक्रेन के राष्ट्रपेति वोलोडिमिर जेलेंस्की रातोंरात हीरो बनकर उभर गए हैं। राजनीतिक विश्लेषक चाहे खुलकर नहीं कहे पर इससे अब नकारा नहीं जा सकता कि जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वार्ता के दौरान तीखी बहस और तेवर दिखाये हैं दबी जुबान से ही दुनिया के देशों ने इसे सराहा ही है। एक मजे की बात यह कि अब तक अमेरिका का पिछलग्गू माना जाने वाला यूरोप भी अब अमेरिकी तानाशाही के खिलाफ खुलकर सामने आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही व्यवहार को देखते हुए योरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने तो लेवेंस्की को यहां तक विश्वास दिलाया है कि आप अकेले नहीं है प्रिय राष्ट्रपति। मजबूत बने, निडर बने। हम न्यायपूर्ण स्थाई शांति के लिए आपके साथ काम करना जारी रखेंगे। यूरोप के तो करीब करीब सभी देश यूक्रेन के पक्ष में खुलकर आ गए हैं। चाहे वह फ्रांस हो, पोलण्ड हो, जर्मनी हो, नार्वे हो, स्पेन, इटली हो, एस्टोनिया हो या अन्य देश। सभी ने एक स्वर में यूक्रेन का साथ और सहायता देने का संकल्प दोहराया है। यूरोपीय संघ तो ट्रम्प को छोड़ कोई नया नेता ढूंढ़ने पर विचार आरंभ कर दिया है।

देखा जाए तो अमेरिका की छवि बीच चौराहे पर साथ छोड़ देने वाले देश की बनती जा रही है। कल तक रुस का धूर विरोधी अमेरिका रुस के साथ प्यार की पीगे बढ़ाता दिख रहा है तो दूसरी और यूक्रेन जोकि अमेरिका और अन्य देषों के भरोसे ही अदम्य साहस का परिचय देते हुए रुस को लोहे के चने चबवा रहा है उस यूक्रेन और यूक्रेन के नागरिकों के साहस को नमन करने के स्थान पर आज अमेरिका यूक्रेन को रुस के सामने झुकने को बाध्य करना चाहता है। दरअसल अमेरिका की नजर दुनिया के देशों और उनकी संपदाओं पर है। खासतौर से अब अमेरिकी



**_राजनीतिक विश्लेषक चाहे खुलकर नहीं कहे पर इससे अब नकारा नहीं जा सकता कि जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से वार्ता के दौरान तीखी बहस और तेवर दिखाये हैं दबी जुबान से ही दुनिया के देशों ने इसे सराहा ही है।_**

राष्ट्रपति ट्रम्प दुनिया के देशों को डंडे के जोर पर हांकना चाहते हैं। ट्रम्प चाहते हैं कि जो अमेरिका चाहे वही हो, यही कारण है कि एक और टैरिफ वार पर दुनिया के देशों को झोंक दिया है तो दूसरी ओर ग्रीन लैण्ड हड़पना चाहता है। कनाडा को 51 वां राज्य बनाना चाहता है। यूक्रेन के हजारों करोड़ डॉलर की खनिज संपदा पर नजर गड़ाये ट्रम्प यूक्रेन को 500 करोड़ डालर की खनिज संपदा पर समझौता करना चाहता हें यूक्रेन राष्ट्रप्रति देश के व्यापक हित में समझौता करने को तैयार होने के बावजूद जिस तरह से वार्ता के दौरान ट्रम्प ने तेवर दिखाएं उसे किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता है। यही कारण है कि वार्ता के दौरान जिस तरह के तेवर जेलेंस्की ने दिखाया उसे सारी दुनिया ने इसलिए सराहा कि एक तानाशाह को कम से कम चुनौती देने वाला तो मिला।

भले ही इसके परिणाम कुछ भी हो। यूक्रेन को अमेरिका से समझौता करना पड़े पर एक बार अमेरिका और दुनिया के देशों को जेलेंस्की ने एक संदेश तो दे ही दिया। यहां तक कि रुस को भी इससे कम सबक नहीं मिला है। यूक्रेन की नैतिक विजय इसी को माना जा सकता हे कि आज यूक्रेन की खनिज संपदा के समझौते को विफल करने के लिए रुस अपनी खनिज संपदा के अधिकार तक देने की पेशकश करने लगा है। यह यूक्रेन की अपने आप में बड़ी विजय के रुप में देखी जानी चाहिए।

देखा जाए तो ट्रम्प तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देशों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच देर सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और व्हाईट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाइट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे है तो दूसरी और अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं। हांलाकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा धमकाकर समझौता करना चाहता है यही कारण है कि समझौते के प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये। भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं और उसके कारण इंटरनेशनल पालिटिक्स और रिलेशंस तय करेंगे पर ट्रम्प को वार्ता की टेबल पर अपनी और देश की गरिमा बनाये रखकर दुनिया के देशों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि चाहे कोई कितना भी ताकतबर हो हमें उसके गलत दबाव में नहीं आना चाहिए। यही कारण है कि मानों या ना मानों पर आज ट्रम्प से ज्यादा जेलेंस्की के साहस की सराहना हो रही है।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## आखिर कैसे रुकेगा निजी अस्पतालों में मरीजों का 'शोषण'

चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय कोई सामान्य पेशा नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत जीवन और जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें थोड़ी-सी भी लापरवाही किसी के जीवन पर भारी पड़ सकती है। वहीं, अपना या अपने परिवार का इलाज करवाने के चक्कर में यदि कोई व्यक्ति या परिवार लूट-पिट जाए तो यह भी प्रशासनिक नजरिए से अनुचित है। और ऐसे ही जरूरतमंद लोगों के पक्ष में सरकार और समाजसेवी संस्थाओं दोनों को अवश्य खड़ा होना चाहिए।

यही वजह है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व से जुड़ा हुआ विषय (पेशा) है, जिसे जनसेवा की भावना से किया जाए तो सरकार और संस्था दोनों को यश मिलेगा। भारतीय सभ्यता व संस्कृति तो शुरू से ही %सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया% की पक्षधर रही है। लेकिन देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।



दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के %शोषण% को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें, देर आयद दुरुस्त आयद जैसा है। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए।

दरअसल, एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे।

बता दें कि यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि %उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी, लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए। हालांकि, निजी हॉस्पिटल्स में जिस तरह से कैशलेस इलाज का प्रचलन बढ़ा है, इस धंधे में बड़ी-बड़ी निजी कैशलेस चिकित्सा बीमा कम्पनियां सामने आयी हैं, उन्होंने अस्पतालों के पैनल जारी किए हैं, उससे एक संगठित लूट और इसी चक्कर में मानव स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बढ़ा है। निजी अस्पतालों में तो चुपके चुपके नई नई दवाइयों का परीक्षण तक मानव शरीर पर हो जाता और किसी को भनक तक नहीं लगती। कुछ निजी अस्पताल व उनके डॉक्टर तो रक्त और मानव अंगों के अवैध कारोबार तक में शामिल हैं। ऐसे आरोप अक्सर मीडिया में उछलते रहते हैं।

वहीं, जब से केंद्र सरकार गरीबों को आयुष्मान भारत कार्ड बनाने लगी है और 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देने लगी है, तब से नए नए घोटालों और अनैतिक करतबों की बाढ़ आ चुकी है। इन सबके दृष्टिगत सरकार भले ही एहतियाती कार्रवाई करती आई है, फिर भी निजी चिकित्सा सेवा प्रदाताओं में इन नियमों का खौंफ नहीं है। क्योंकि अक्सर चिकित्सक हड़ताल या दवा कारोबारी हड़ताल की धमकियां देकर हेल्थ सिंडिकेट से जुड़े लोग सरकार और प्रशासन को ब्लैकमेल कर लेते हैं। लेकिन सवाल फिर वही कि मानव स्वास्थ्य से खिलवाड़ कब तक।

मसलन, जिस तरह से सिजेरियन बेबी का प्रचलन समाज में बढ़ रहा है, उससे कामकाजी महिलाएं भी भरी जवानी में बर्बाद हो रही हैं। ऐसे ही कई अन्य अस्वास्थ्यकर प्रचलन समाज में बढ़े हैं। किंतु हमारा स्वास्थ्य प्रशासन जनहित के दृष्टि से उतना संवेदनशील नहीं बना है, जितना उसे होना चाहिए। अन्यथा मिलावटी खाद्य पदार्थ, मिलावटी दवाइयों की बिक्री की बात सामने नहीं आती। याचिकाकर्ता ने भी दिलचस्प घपले की ओर इशारा किया है, लिहाजा कोर्ट का निर्देश समयोचित है। राज्य सरकारें जितनी जल्दी जग जाएं, केंद्र सरकार भी यथोचित जांच एजेंसी बनाए, अन्यथा इस गोरखधंधे पर काबू पाना मुश्किल है। गंदा है पर धंधा है, वाला जुमला से चिकित्सा पेशा जितना दूर रहे, उतनी उसकी साख बची रहेगी।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

## राशिफल

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
ओजस्वी, तेजस्वी बने रहेंगे। एक बहुत अच्छी ऊर्जा आपमें आ गई है। स्वास्थ्य में सुधार।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन व्यथित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य,प्रेम, व्यापार मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़। कोर्ट-कचहरी में विजय। प्रेम, संतान ठीक-ठाक। व्यापार तो बहुत अच्छा हो गया है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
लिखने, पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
प्रेम, संतान सुधर चुका है। स्वास्थ्य मध्यम है। व्यापार अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

# शिक्षक संघ की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बिसरख ब्लाक कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय सर्फाबाद में किया गया।



मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी एवं जिलाध्यक्ष प्रवीण शर्मा के निर्देश के अनुपालन में ब्लॉक अध्यक्ष स्मिता सिंह एवं मंत्री मीना यादव ने शिक्षकों की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। शिक्षकों ने मानव संपदा पोर्टल पर त्रुटियों का शुद्धिकरण, चयन वेतनमान, बाल्य देखभाल अवकाश एवं शिक्षकों के परिचय पत्र बनवाने एवं 15 मार्च को होली का अवकाश करवाने हेतु आग्रह किया। स्मिता सिंह ने संगठित रहकर सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया।

बैठक का संचालन मीना यादव ने किया। बैठक में जिला प्रचार मंत्री शशि मिश्रा ब्लाक कार्यकारिणी से सीमा तिवारी, सीमा वार्ष्णेय, सरताज अहमद, प्रियाकेला,अपर्णा मिश्रा, गीता अगरतानिया, गीता शर्मा, लता पाठक, सुमनंजलि, सुनीता कुमारी,मुनेश कुमारी, नूतन पांडे , शिप्रा पाठक आदि उपस्थित रहे।

# भारत मेडिकल टूरिज्म और स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी बनेगा : उपासना अरोड़ा

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** 'उत्तर प्रदेश हेल्थकेयर कॉन्क्लेव 2025' में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर गहन चर्चा हुई। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य हेल्थकेयर के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति और नई योजनाओं को बढ़ावा देना था। इस दौरान विशेष वक्ता यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की एमडी डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा कि एआई और स्मार्ट मेडिकल डिवाइसेज स्वास्थ्य क्षेत्र का भविष्य हैं। इनके चलते आने वाले समय में भारत मेडिकल टूरिज्म और स्वास्थ्य क्षेत्र में विश्व में अग्रणी रहेगा।

डॉ. उपासना अरोड़ा बतौर स्पीकर लखनउ में हुए इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने 'उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर और वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनाने' पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. उपासना अरोड़ा ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को हेल्थकेयर कॉन्क्लेव 2025 की ओर से विशेष ट्रॉफी भेंट की। यह सम्मान स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान और प्रदेश में



चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए दिया गया। कॉन्क्लेव में हेल्थकेयर में हो रहे बदलावों, आधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और स्मार्ट मेडिकल डिवाइसेज़ के उपयोग पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। साथ ही, उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए सरकारी और निजी भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया गया।

# मुख्यमंत्री की जनसभा आज, कार्यक्रम में पहुंचने की अपील

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि पंडित ने अपील करते हुए कहा कि दादरी के एनटीपीसी में होने वाली मुख्यमंत्री की जनसभा में अधिक से अधिक लोग पहुंचे। एनटीपीसी स्थित महाराणा प्रताप स्टेडियम में मुख्यमंत्री की जनसभा आयोजित की गई है जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचना शुरू हो गए हैं।



भाजपा नेता रवि पंडित ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दादरी में होने वाली जनसभा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि जनसभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के प्रति कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनी है तभी से विकास की गति तेज हो गई है। उन्होंने कहा की जनसभा में हापुड़ गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर जिले के कार्यकर्ता एवं जनमानस शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया की जनसभा की तैयारी को लेकर गडकरी दिनों से पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं अधिकारी की जान से लगे हुए हैं।

# ऑपरेशन सहयोग : देश के दूसरे राज्यों से ढूंढ निकाले गुम मोबाइल फोन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों व सुबह-शाम टहलते समय लोगों के गिर जाने वाले मोबाइल फोनों को पुलिस ने ढूंढकर उनके मालिकों के हवाले कर दिया है। एडसीपी सेंट्रल नोएडा शक्तिमोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा व एडसीपी सेंट्रल नोएडा द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में लोगो के गुम



हुये 100 मोबाइलो को सर्विलांस की मदद से खोजकर उनके स्वामियों के सुपुर्द किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोएडापुलिस द्वारा मिशन सहयोग चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 2 सालों में जिन लोगों का मोबाइल फोन भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारो, ऑटो, बसो, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे जिनके सम्बन्ध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानो में गुमशुदगी दर्ज थी, जिन पर कार्यवाही करते हुए गुम हुए मोबाइल फोनों को सर्विलांस के माध्यम से खोजकर उनके स्वामियों के सुपुर्द किया जा रहा है।

उन्होंने बतायाकि गुम हुए फोन उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, गुजरात व अन्य राज्यों से तलाश कर बरामद किए गए और असली मालिकों को सौंपे गए।

# एमिटी उत्सव 2025 : केरल, चंडीगढ़, पारूल व लवली विवि बने विजेता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित किये जा रहे 38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टीवल ''एमिटी उत्सव 2025'' के प्रतिभाओ के महाकुंभ का आज समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में केरल विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, पारूल विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय की टीम प्रथम विजेता बनी।




38वें एआईयू इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टीवल ''एमिटी उत्सव 2025'' अंर्तगत कुल 148 विश्वविद्यालयों से लगभग 2500 प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया था जिन्होनें विभिन्न पांच कैटगरी संगीत, नृत्य, लिटरेसी, थियेटर और फाइन आर्ट के कुल 28 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को दिखाया। संपूर्ण प्रतियोगिताओं के अंर्तगत केरल विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, पारूल विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय की टीम प्रथम विजेता की ट्राफी प्रदान की गई। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, गुरू नानक देव विश्वविद्यालय, वनस्थली विद्यापीठ, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, मुबंई विश्वविद्यालय की टीम को द्वितीय विजेता की ट्राफी और पंजाब विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, मैंगलोर विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, गुवाहाटी विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी विश्वविद्यालय की टीम को तृतीय विजेता की ट्राफी प्रदान की गई।



भारतीय विश्वविद्यालय संघ की अपर सचिव डा ममता आर अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभागीयों के उत्साह, जोश ने इस कार्यक्रम को देश मे युवाओं का हॉलमार्क साबित किया है। किसी भी प्रतियोगिता में केवल दो तरह के व्यक्ति होते है प्रथम विजेता और द्वितीय विजेता बनाने वाले, इसलिए अगर आप नही जीते तो भी कोशिश करते रहें। हार जीत से कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के उत्साह ने हम सभी के अंदर एक नया जोश भर दिया है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर हमे एक दूसरे की संस्कृतियों से बहुत कुछ सीखते है। प्रधानमंत्री के नई शिक्षा नीति और विकसित भारत के दृष्टिकोण के लिए युवाओं का कला व संस्कृती में हिस्सा लेना आवश्यक है।

इस अवसर पर भारतीय विश्वविद्यालय संघ के पर्यवेक्षक डा एस के शर्मा और डा अरूण पाटिल सहित तकनीकी पर्यवेक्षक डा भावना ग्रोवर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल ने स्वागत करके किया। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) ने एमिटी उत्सव पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, एक बदमाश घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सुरजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।थाना सूरजपुर पुलिस घायल बदमाश के साथी की तलाश कर रही है।



सूरजपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस 130 मीटर सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही थी तभी सामने से एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर रंग काला बिना नंबर पर दो व्यक्ति तिलपता गोल चक्कर की तरफ से आते दिखाई दिए जिनको रुकने का इशारा किया गया वो नही रूके और बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकी पहचान ताजिम पुत्र अली हसन निवासी ग्राम कलछिना थाना भोजपुर गाजियाबाद (38 वर्ष) के रूप में हुयी। ताजिम के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस एवं 2 जिंदा कारतूस 315 बोर, घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बिना नम्बर रंग काला स्प्लेंडर, चोरी किये हुए 5 मोबाइल फोन बरामद हुए है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ताजिम का साथी कृष्णा कुमार पुत्र जुगेंद्र सिंह निवासी ग्राम कनहोइ थाना गभाना जिला अलीगढ़ वर्तमान निवासी किराये का मकान मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये दुष्कर्म के आरोप में वांछित आयुष पुत्र सुनील पाण्डेय उम्र 25 वर्ष को पर्थला ब्रिज के पास सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ मु0अ0सं0 103/2025 धारा 64(1)बीएनएस के अंतर्गत दर्ज है। पुलिस ने बताया कि आरोपी आयुष ने पीड़िता को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने कमरे पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

## इलेक्ट्रा कोको टावा ने

# महिलाओं को उपहार देकर मनाया महिला दिवस




**नोएडा ( चेतना मंच )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्वतंत्रता बढ़ाने पर केंद्रित है। पहला महिला दिवस 1909 में संयुक्त राज्य अमेरिका में मनाया गया था जोकि लैंगिक समानता और महिला अधिकारों पर केंद्रित है। नोएडा स्थित इलेक्ट्रॉनिक कंपनी ने महिलाओं को सम्मान देने के लिए महिला दिवस का आयोजन किया।

इलेक्ट्रा कोको टावा के संस्थापक कमल कुमार ने बताया कि कार्यस्थल पर एकता के लिए उन्हें सशक्त बनाना, सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित कराना हमारी कंपनी की पहली प्राथमिकता है, आज हमने 250 महिलाओ को सैनिटरी पैड के पैकेट और 20 महिलाओ को कॉटन के डिजाइनर सूट उपहार स्वरूप दिए।

# अजय कुमार लल्लू को दी बधाई



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कांग्रेस के नेता रोहित कुमार ने उत्तर प्रदेश के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं उड़ीसा प्रदेश के प्रभारी अजय कुमार लल्लू से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। तथा अजय कुमार लल्लू को उड़ीसा प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें बधाई थी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**टक्कर के बाद ....**

मृतक की पहचान बुलंदशहर जिले के थाना गुलावटी क्षेत्र के मोहल्ला पलवलयान निवासी अब्दुल खामिस (35 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के समय वह गुलाओथी से फरीदाबाद जा रहा था।

पुलिस के अनुसार जब वह पिलखुवा फ्लाईओवर के पिलर नंबर 127 के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही एक तेज गति वाली कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे खामिस बाइक के साथ फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

**मुठभेड़ में स्नैचर....**

पुलिस ने घायल अवस्था में बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान सुकेश उर्फ राजा पुत्र भीमसेन निवासी ग्राम शाहपुर मोरटा थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि सुकेश अपने साथी पंकज निवासी नंदग्राम के साथ मिलकर चेन स्नेचिंग व मोबाइल स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस इसके आपराधिक इतिहास का पता लग रही है।







**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

**सं.: इज्जत० / सी / ई-ऑक्शन / 2024 / 11 दिनांक 06.03.2025**

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. एवं विज्ञापन ठेकों हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं। ऑक्शन कैटेलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत् है:- **श्रेणी:** NFR/Advt.; **कैटलॉग सं०:** IZN-OOH-ADV-11; **एसेट विवरण:** इज्जतनगर मंडल के 12 लोकेशनों जैसे स्टेशन एरिया, एल.सी. गेट एवं एल.सी. गेट एरिया में तीन वर्ष हेतु विज्ञापन प्रदर्शित करने के संबंध में।; **ऑक्शन प्रारम्भ:** 17.03.2025 को 11:00:00; **ऑक्शन समापन:** 17.03.2025 को 13:20:00; **श्रेणी:** NFR; **कैटलॉग सं०:** IZN-NFR-MISC-25; **एसेट विवरण:** इज्जतनगर मंडल के बरेली सिटी एवं रूद्रपुर सिटी स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में पाँच वर्ष हेतु रेल कोच रेस्टोरेन्ट एवं हल्द्वानी स्टेशन पर तीन वर्ष हेतु यात्री सुविधा केन्द्र स्थापना।; **ऑक्शन प्रारम्भ:** 17.03.2025 को 12:00:00; **ऑक्शन समापन:** 17.03.2025 को 12:50:00; **श्रेणी:** NFR/Advt.; **कैटलॉग सं०:** IZN-RDN-ADV-07; **एसेट विवरण:** इज्जतनगर मंडल के 04 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म एरिया में एलईडी स्क्रीन द्वारा पाँच वर्ष के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु तथा गाड़ी सं. 12091 / 92 के बाहरी भाग में विनायल रैपिंग द्वारा तीन वर्षों के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु।; **ऑक्शन प्रारम्भ:** 18.03.2025 को 11:00:00; **ऑक्शन समापन:** 18.03.2025 को 12:10:00। **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

**मंडल वाणिज्य प्रबन्धक इज्जतनगर**

मुजाधि / वाणिज्य-238

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com

raghuvanshirampal365@gmail.com

raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

## खास खबर

### डेविड लॉयड ने कप्तान पद से दिया इस्तीफा

**लंदन।** डबीर्शायर के हरफनमौला खिलाड़ी डेविड लॉयड ने 2025 सीजन से पहले क्लब के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। लॉयड, जिन्होंने 2023 में ग्लेमॉर्गन से डबीर्शायर का रुख किया था, पिछले साल काउंटी चैंपियनशिप में टीम के कप्तान थे, लेकिन उनकी अगुवाई में डबीर्शायर डिवीजन टू में सबसे निचले स्थान पर रहा और 'वुडन स्पून' प्राप्त किया।
अपने पहले पूर्ण सीजन में 32 वर्षीय लॉयड ने चैंपियनशिप में बल्ले से 23.47 की औसत और गेंद से 31.00 की औसत से प्रदर्शन किया। उन्होंने बेहतर व्यक्तिगत प्रदर्शन की उम्मीद में कप्तानी छोड़ने का निर्णय लिया है। डबीर्शायर के हेड ऑफ क्रिकेट मिकी आर्थर ने गुरुवार को क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, ₹डेविड ने कप्तानी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और वह एक शानदार नेता रहे हैं, लेकिन टीम की अगुवाई करने का मानसिक दबाव, अपने फॉर्म को फिर से हासिल करने की कोशिश, और अपने परिवार के साथ संतुलन बनाए रखना झ ये सभी कारण हैं कि उनके लिए यह जिम्मेदारी छोड़ना बेहतर होगा।₹

### भारत के खिलाफ फाइनल के लिए तैयार हैं : मिशेल

**दुबई ।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने कहा कि उनकी टीम रविवार को होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगी। मिशेल ने कहा कि लीग मैच में भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार से उनकी टीम पर कोई दबाव नहीं है क्योंकि ये एक नया मैच है। न्यूजीलैंड ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हुए दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 50 रन से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनायी है। वहीं भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। मिशेल ने कहा, ह्यफाइनल एक नया मैच होगा और हम वास्तव में इस कठिन चुनौती का सामना करने और हालातों से तालमेल बिठाने को लेकर उत्साहित हैं। उम्मीद है कि हम भारतीय टीम पर दबाव बनाने में सफल रहेंगे। मिशेल ने भारत को एक ही स्थान पर खेलने का लाभ मिलने की बातों को लेकर कहा, ह्ययही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रकृति है। हमने काफी यात्रा की है और अब हमें इसके आदत हो गयी है। टूनामेंट का कार्यक्रम तैयार करना मेरा काम नहीं है।

### इंडोनेशिया ने तीन फुटबॉलरों को दी नागरिकता

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई फुटबॉल संघ (पीएसएसआई) ने 2026 फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स के तीसरे दौर से पहले राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने के लिए तीन इंडोनेशियाई मूल के खिलाड़ियों को नागरिकता प्रदान की। संघ ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में इस बात की घोषणा की। संघ के बयान के अनुसार, इंडोनेशियाई संसद ने गुरुवार को डीन रुबेन जेम्स, जोई मैथियस पेलुपेसी और एमिल ऑडेरो मुल्यादी की नागरिकता अनुरोध को मंजूरी दे दी। अगले चरण में, इन खिलाड़ियों के नागरिकता दस्तावेज राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो को सौंपे जाएंगे, ताकि राष्ट्रपति की ओर से एक औपचारिक डिक्री जारी की जा सके, जो उन्हें इंडोनेशियाई नागरिक के रूप में शपथ लेने की अनुमति देगा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : टीम इंडिया जीती तो रच देगी इतिहास



एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल होना है। टीम इंडिया ने सभी मैच जीतकर फाइनल में पहुंच गई है। यह खिताबी मुकाबला 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा। इस बार यदि टीम इंडिया खिताब जीतती है, तो वह एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगी और ऑस्ट्रेलियाई टीम को पीछे छोड़ देगी। दरअसल, फाइनल जीतते ही टीम इंडिया क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा 3 बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड बना लेगी। यह चैम्पियंस ट्रॉफी का 9वां सीजन है जो पाकिस्तान की मेजबानी में खेला जा रहा है। अब तक टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया ने 2-2 बार खिताब जीते हैं। कंगारू टीम को सेमीफाइनल में भारत ने हराकरा उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ऐसे में अब तीसरा खिताब जीतने का रिकॉर्ड बनाने का मौका टीम इंडिया के पास है। टीम इंडिया सबसे पहले श्रीलंका में खेले गए इस तीसरे यानी 2002 सीजन में चैम्पियन बनी थी। तब टीम इंडिया और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से खिताब अपने नाम किया था। जबकि 2013 सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम ने यह खिताब जीता था।
2013 के बाद 2017 में भी चैम्पियंस ट्रॉफी इंग्लैंड में हुई थी। तब भारत को हराकर पहली बार पाकिस्तान चैंपियन बना था। इसके बाद 2021 में टूनार्मेंट होना था, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसे टाल दिया गया था। अब करीब 8 साल बाद यह टूनार्मेंट दोबारा हो जा रहा है।

## जिलास्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



एजेंसी

**मुरादाबाद।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, मुरादाबाद द्वारा जिला स्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ अजय पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया। प्रभारी क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी प्रदीप कुमार सक्सेना ने प्रतियोगिता परिणाम की घोषणा करते हुए बताया कि 57 किग्रा प्रथम स्थान पर अभिषेक राजपूत, द्वितीय ऋतिक राजपूत, तृतीय यश व सूरज, 61 किग्रा में प्रथम हनी, द्वितीय रोहित, तृतीय अरूण, तृतीय रवि, 65 किग्रा प्रथम श्रेय वर्मा, द्वितीय रिंकू, तृतीय लव, तृतीय सुमित रहे। 70 किग्रा में प्रथम संजय दत्त, द्वितीय कृष्ण कुमार, तृतीय ओमवीर, तृतीय दुर्गेश, 74 किग्रा प्रथम शिवम चाहल, द्वितीय विनीत, तृतीय समीर, तृतीय स्थान पर राहुल रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक करतार पहलवान, आनन्द राघव, सुनील चौधरी, मुस्कान, दीपक, गोविन्द कुमार यादव, अभी, दिलीप गुप्ता आदि रहे। इस अवसर पर पवन सिसौदिया सचिव जिला कुश्ती संघ, अंकित अग्रवाल लेखाकार, सचिन विश्नोई फुटबाल प्रशिक्षक, ललिता चौहान व आसिफ सिद्दीकी बैडमिन्टन प्रशिक्षक, नरेश पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को छह विकेट से हराया


महिला प्रीमियर लीग

एजेंसी

**लखनऊ।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 16वें मैच में मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्स को छह विकेट से हरा दिया है। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्स ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाए। टीम की ओर से जॉर्जिया वोल ने 33 गेंदों पर 55 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनका साथ देने में असफल रहीं। मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन किया, जिससे यूपी वॉरियर्स बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। मुंबई के लिए अमिलिया केर ने पांच विकेट चटकाए, जबकि हेली मैथ्यूज को दो सफलता मिली। वहीं, नैट सीवर ब्रंट और परुनिका सिसोदिया ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 18.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज हीली मैथ्यूज ने 46 गेंदों पर 68 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिससे टीम को मजबूत शुरूआत मिली। उनकी इस पारी ने जीत की नींव रखी, जिसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने सफलतापूर्वक पूरा किया। नैट सिवर ने 37 रन की अहम पारी खेली। यूपी वारियर्स के लिए ग्रेस हैरिस ने दो विकेट अपने नाम किए, जबकि हैनरी और क्रांति गौड़ को एक-एक विकेट मिला। इस जीत के साथ, मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल 2025 की अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की है, जबकि यूपी वॉरियर्स को अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## कोहली तोड़ेंगे गेल का रिकॉर्ड



एजेंसी

**दुबई।** विराट कोहली ने चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार पारियां खेल कर साबित कर दिया है कि जब मसला रनचेज का हो तो उनसे बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं है। अब कोहली की नजर फाइनल पर टि?की है जो 9 मार्च यानी रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले इस फाइनल में विराट कोहली वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को पीछे छोड़कर अपना नाम रिकॉर्डबुक में लिखवाना चाहते हैं। वहीं कोहली रनचेज करते हुए 8 हजार से ज्यादा रनों का आंकड़ा पार कर चुके हैं। कोहली ने चैम्पि?यंस ट्रॉफी में 17 मैचों में 746 रन बनाए हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। ओवरऑल अब वह क्रिस गेल के पीछे हैं, जिन्होंने 17 मैचों में 791 रन बनाए हैं यानी कोहली फाइनल में 46 रन बनाते ही क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। तीसरे नंबर पर इस सूची में श्रीलंका के महेला जयवर्धने हैं, जिनके नाम 22 मुकाबलों में 742 रन हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले किसी आईसीसी इवेंट में कोहली के नाम अब 50 प्लस का स्कोर 24 बार हो चुका है, जो किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। चैम्पि?यंस ट्रॉफी में कोहली ने सातवीं बार 50 प्लस का स्कोर बनाया है, यह भी किसी एक खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। वहीं कोहली कुल 336 कैच ले चुके हैं, जो इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। कोहली को मंगलवार को प्लेयर ऑफ द मैच मिला, जो किसी आईसीसी इवेंट में 15वीं बार था। यह भी किसी एक खिलाड़ी द्वारा जीता गया सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान को लगे झटके, करोड़ों का हुआ नुकसान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए पाकिस्तान को एक और झटका लगा है। करीब 30 साल बाद पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिली थी और वह लीग चरण में ही टूनार्मेंट से बाहर हो गया। दूसरी ओर विज्ञापनों से होने वाली मोटी कमाई से भी पाकिस्तान महरूम रह गया। 3 दशक बाद किसी आईसीसी टूनार्मेंट की मेजबानी मिलने से पाकिस्तान को मोटी कमाई की उम्मीद थी, लेकिन उसे भारत से दुश्मनी का खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले तो भारत के पाकिस्तान में खेलने नहीं जाने की वजह से विज्ञापनों की कमाई पर असर पड़ा और फिर उसके टूनार्मेंट से बाहर होने की वजह से स्टेडियम खाली रहे। इस पर भी पाकिस्तान को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया भारत को सेमीफाइनल में हरा देगा तो फाइनल मैच पाकिस्तान में खेला जाएगा। इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को मोटा पैसा मिलेगा, लेकिन भारत ने इस उम्मीद पर भी पानी फेर दिया और पीसीबी को करोड़ों का नुकसान हुआ। भारतीय टीम ने अपने सभी चारों मैच दुबई में खेले जिससे पीसीबी को 156 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। अब फाइनल भी पाकिस्तान में न होकर दुबई में खेला जाएगा, जिससे पीसीबी को और 39 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## पंड्या ने वर्कआउट का वीडियो किया शेयर

**नई दिल्ली।** हार्दिक पंड्या ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से पहले वर्कआउट का एक वीडियो शेयर किया है। जहां वह अपने बेटे अगस्त्य के साथ एक्सरसाइज करते नजर आ रहे हैं। वीडियो कब का है इस बारे में सही जानकारी नहीं है। वीडियो में हार्दिक पंड्या अपने बाएं हाथ में डम्बल पकड़े हैं जबकि उपके पेट पर बेटा अगस्त्य बैठा है। बाप-बेटे की मस्ती चल रही है। बेटा खूब हंस रहा है। बता दे पंड्या की पत्नी नताशा स्टानकोविक के तलाक के बाद बेटा अगस्त्य अपनी मां के साथ ही रहता है। समय-समय पर अपने पापा हार्दिक पंड्या से मिलने आता है। हार्दिक पंड्या चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं। गेंद और बल्ले दोनों से परफॉर्म कर रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ बाबर आजम समेत दो अहम विकेट लिए।

## पहले ही मैच में गोल दागकर चमकी साक्षी राणा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** महज 17 साल की उम्र में भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाली साक्षी राणा ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए इस टूनार्मेंट में साक्षी ने अपने सीनियर इंटरनेशनल करियर का आगाज किया और पहले ही मैच में स्पेन के खिलाफ बेहतरीन फील्ड गोल दागकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। पहले ही मैच में मिले मौके को साक्षी ने पूरी तरह भुनाया, हालांकि भारतीय टीम को इस मुकाबले में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता के अनुभव को साझा करते हुए साक्षी ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ₹मैं लंबे समय से अपने डेब्यू का इंतजार कर रही थी, इसलिए यह दिन मेरे लिए बेहद खास था। मुझे ज्यादा घबराहट नहीं हुई क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मुझे पूरा समर्थन दिया और कहा कि पहले मैच में कोई गलती नहीं होती, बस खुलकर खेलना है। साक्षी का यह गोल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा का शानदार उदाहरण था। उन्होंने विपक्षी टीम पर आक्रामक प्रेसिंग की, सही समय पर टैकल कर गेंद छीनी और फिर बैकहैंड शॉट मारते हुए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। इस खास लम्हे को याद करते हुए साक्षी ने कहा, ₹मेरा लक्ष्य था कि डेब्यू मैच में ही स्कोर करूं, इसलिए मैं पूरी तरह से तैयार थी। जब मैंने गेंद छीनी और देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है, तो मैंने तुरंत शॉट मारा। जैसे ही गोल हुआ, स्टेडियम में शोर गूंज उठा और मुझे अहसास हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। यह मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण था।₹
टीम चयन के दौरान साक्षी को शुरूआत में स्टैंडबाय सूची में रखा गया था, लेकिन मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने उनके हुनर और मेहनत को पहचानते हुए उन्हें अंतिम टीम में शामिल कर लिया। इस पर साक्षी ने कहा, ₹जब उन्होंने (हरेंद्र सिंह) मुझे बताया कि मैं खेलने जा रही हूं, तो उन्होंने कहा कि वे मुझे नहीं, बल्कि मेरे खेल को चुन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे गोल करने का मौका मिलेगा और सीनियर खिलाड़ी मेरी मदद करेंगे। जब मैंने गोल किया, तो कोच ने मुझे गले लगाया, जो मेरे लिए बेहद खास पल था।

## रोहित को लंबी पारी खेलने पावर प्ले में अपना रवैया बदलना होगा : गावस्कर



एजेंसी

**दुबई ।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा चैम्पियंस ट्रॉफी में अब तक बड़ स्कोर नहीं बना पाये हैं। ऐसे में पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित को पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाज की जगह पर लंबी पारी खेलनी चाहिये। वहीं कोच गौतम गंभीर ने रोहित के आक्रामक रवैये का बचाव किया है। गंभीर ने कहा कि हम औसत या रन नहीं देखते, बल्कि इंटेंट देखते हैं जबकि गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में है और हर किसी को रोहित से एक बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गंभीर ने सेमीफाइनल के बाद कहा था कि ड्रेसिंग रूम रोहित को आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि शीर्ष पर अपनी धमाकेदार शुरूआत से पैदा होने वाले इम्पैक्ट के आधार पर आंकता है। दूसरी ओर गावस्कर ने कहा कि रोहित को अपने रवैये पर फिर विचार करना चाहिए, उन्होंने कहा कि कप्तान के पास अकेले ही मैच को प्रभावित करने की क्षमता है। ऐसे में अगर वह 20 से 25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो अकेले ही मैच बदल सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 104 रन 100 के आसपास के स्ट्राइक रेट से बनाने वाले रोहित ने अब तक इस टूनार्मेंट में एक बार 41 रन बनाये हैं अन्य मैचों में उनका स्कोर और कम है। हालांकि, एक बात जरूर है कि वे जिस मैच में तेज शुरूआत देते हैं, उसका लाभ मध्य क्रम को मिलता है। भारतीय टीम को रोहित के इस आक्रामक रवैये का लाभ विश्व कप कप 2023 और टी20 विश्व कप 2024 में मिला।

## विलियमसन ने भारतीय टीम को चेताया



एजेंसी

**लाहौर ।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने रविवार को भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल को लेकर कहा कि इसमें कुछ भी हो सकता है। विलियमसन ने भारत को बेहतरीन टीम बताया पर साथ ही साथ फाइनल में कुछ भी हो सकता है। इससे एक प्रकार से उन्होंने भारतीय टीम को चेताया है। कहते हुए स्तर्क भी कर दिया है। विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद कहा, भारत एक बेहतरीन टीम है और वास्तव में अच्छा खेल रही है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम पिछले मैच से कुछ सीख लें जिसमें हमें भारतीय टीम ने हराया था। विलियमसन ने माना कि दुबई की परिस्थितियां पाकिस्तान से काफी अलग हैं। उन्होंने कहा, परिस्थितियां अलग हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम उन सकारात्मक पहलुओं को ध्यान में रखें और फाइनल में किस प्रकार से खेलना है इसपर ध्यान दें। इस बारे में हमें अपन रुख स्पष्ट रखना होगा। हमें अपना ध्यान जल्दी से अगले मैच पर लगाना होगा क्योंकि हमारे पास ट्रॉफी जीतने का अच्छा अवसर है। उन्होंने सेमीफाइनल में शतक के लिए रचिन रविंद्र की भी प्रशंसा की है। विलियमसन ने कहा, राचिन एक असाधारण प्रतिभा है। उसके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा शानदार होता है। वह मैदान पर निडर होकर उतरता है और टीम की जरुरत के अनुसार खेलता है।

# यूरोपा लीग : रियल सोसिदाद और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच ड्रॉ

▸ एथलेटिक बिलबाओ को अंतिम क्षणों में मिली हार



एजेंसी

**मैड्रिड।** यूरोपा लीग के अंतिम-16 चरण के पहले चरण में रियल सोसिदाद और मैनचेस्टर यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। यह मैच गुरुवार को बास्क टीम के रेले एरिना स्टेडियम में खेला गया।
मैच से पहले रियल सोसिदाद को झटका लगा जब स्पेनिश मिडफील्डर मार्टिन जुबिमेंडी बीमारी के कारण टीम से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति का असर टीम के खेल पर दिखा, क्योंकि यूनाइटेड ने पांच डिफेंडरों के साथ रक्षात्मक खेल अपनाया और काउंटर अटैक पर जोर दिया। यूनाइटेड के लिए पहली कोशिश अलेजांद्रो गारनाचो ने की, लेकिन उनका शॉट सीधा गोलकीपर एलेक्स रेमिरो के हाथों में चला गया। दोनों टीमें रक्षात्मक रूप से मजबूत दिखीं, जिससे गोल के मौके कम बने। जोशुआ जिर्कजी यूनाइटेड के लिए एक अच्छा मौका बना सकते थे, लेकिन अरित्ज एलुस्तोंदो ने उनके लगातार दो शॉट ब्लॉक कर दिए। वहीं, रियल सोसिदाद की ओर से आंद्रे ओनाना को पहले हाफ में कोई भी शॉट रोकने की जरूरत नहीं पड़ी। दूसरे हाफ में पहला मौका गारनाचो को मिला, जिन्होंने फ्री-किक से अच्छा प्रयास किया, लेकिन गेंद पोस्ट के पास से बाहर चली गई। यूनाइटेड के लिए जोशुआ जिर्कजी ने ब्रूनो फर्नांडिस के पास पर शानदार लेफ्ट फुट शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, कुछ देर बाद फर्नांडिस के गैरजरूरी हैंडबॉल के कारण रियल सोसिदाद को पेनल्टी मिली, जिसे मिकेल ओयारजाबाल ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। रियल सोसिदाद के ब्राइस मेंडेज ने विजयी गोल करने की कोशिश की, लेकिन ओनाना ने उनके प्रयास को शानदार तरीके से बचा लिया।
दूसरी ओर, एथलेटिक बिलबाओ को अपने पहले चरण के मुकाबले में अंतिम क्षणों में हार का सामना करना पड़ा। रोम में खेले गए इस मुकाबले में एथलेटिक बिलबाओ को इटालियन क्लब रोमा के खिलाफ 2-1 से हार झेलनी पड़ी। इनाकी विलियम्स ने 50वें मिनट में हेडर के जरिए एथलेटिक को बढ़त दिलाई, लेकिन छह मिनट बाद एंजेलिनो ने रोमा के लिए बराबरी का गोल किया। मैच के अंतिम क्षणों में बिलबाओ को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, क्योंकि डिफेंडर येराय अल्वारेज को दूसरा येलो कार्ड मिलने के कारण बाहर जाना पड़ा। अंतिम सेकंड में एल्डोर शोमुरोदोव ने गोल कर रोमा को 2-1 से जीत दिला दी, जिससे एथलेटिक बिलबाओ के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया।


दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के लिंगशुई में ब्लू बे एलपीजीए गोल्फ टूनार्मेंट के पहले दौर के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के बेली टार्डी शॉट खेलते हुए।

खास खबर

## पॉलीथिन प्लांट में लगी आग, एक की मौत

**हाथरस** । उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुए अवाक्षेपणीय घटना में एक पॉलीथिन प्लॉट में भीषण आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पॉलीथिन प्लॉट में आग लगने की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई थी। कई गाड़ियां मौके पर पहुंची गई और आग को काबू करने में सफल रहीं। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है और घटना के पीछे वजह का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। यह भायावह घटना प्लॉट कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में गहरी दुःखद छाप छोड़ गई है। आपको बता दे कि पूरा मामला कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह तिराहे स्थित एक बायोपैक्स पॉलीथिन प्लांट का है जहां कल गुरुवार की देर रात पॉलीथिन के प्लांट में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। पॉलीथिन के प्लांट में अचानक लगी आग से प्लांट में कई बड़े धमाके हुए जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। वहीं पॉलीथिन के प्लांट में लगी आग को बुझाने के प्रयास में एक व्यक्ति की आग में जलकर मौत हो गई और दो लोग इसी आग में झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## टीआई ने गोली मारकर की आत्महत्या

**छतरपुर** । मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक दुखद घटना सामने आई है, जिसमें सिटी कोतवाली में तैनात टीआई अरविंद कुजूर ने अपने सरकारी निवास पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना ओरछा थाना क्षेत्र के पेप्टेक टाउन स्थित मकान में हुई। उन्होंने अपने दाईं कनपटी में गोली मारकर आत्महत्या की। स्थानीय पुलिस विभाग के अधिकारियों ने घटना की गहन जांच शुरू कर दी है। टीआई कुजूर ने आत्महत्या करने से पहले अपने नौकर को फोन करके इसकी जानकारी दी थी। डीआईजी ने बताया कि पुलिस को शंका हुई जब वह मकान के अंदर से बंद दरवाजे के सामने पहुंची। जब उन्होंने खिड़की से देखा, तो पता चला कि टीआई ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने टीआई का मोबाइल जब्त कर लिया है और उनके परिवार को इस दुखद खबर की जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि वह यहां पर अकेले रह रहे थे और मामले की जांच तेजी से चल रही है।

## आईटी कंपनी के ऑफिस में चली गोली

**लखनऊ**। यूपी की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित आईटी कंपनी के ऑफिस में गुरुवार रात पूर्व सांसद के पौत्र ने हंगामा किया। नशे में धुत आरोपी ने फायरिंग की और एक कर्मचारी के सिर पर बंदूक की बट मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गोमतीनगर के विपुलखंड में आईटी कंपनी वैष्णवी इंटरप्राइसेज का ऑफिस है। गुरुवार नशे में धुत विवेक भदौरिया ऑफिस में पहुंचा और कर्मचारियों से मारपीट करने लगा। विरोध करने पर फायरिंग कर दी। इस दौरान विरोध करने पर कर्मचारी अंतेश श्रीवास्तव के सिर पर पिस्टल की बट मार दी। फायरिंग और शोरगुल सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में एक मजदूर की मौत, एक घायल

एजेंसी

**नारायणपुर**। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमदई माइंस जाने वाले रास्ते में नक्सलियों के लगाये गये प्रेशर आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से शुक्रवार को एक मजदूर की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इसमें से एक मजदूर के पैर के चिथड़े उड़ गए। आईजी बस्तर ने इसकी पुष्टि की है।



मजदूर दिलीप कुमार बघेल की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एक मजदूर की मौत हो गई है, वहीं घायल हरेंद्र नाग जिला अस्पताल में इलाजरत है, जिनकी हालत सामान्य एवं खतरे से से बाहर है। नक्सलियों ने आमदई माइंस जाने वाले रास्ते में जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेशर आईईडी लगाकर रखा था। आज सुबह 10:30 बजे के आस-पास गांव के दो मजदूर दिलीप कश्यप और हरेंद्र नाग माइंस की तरफ जा रहे थे। इसी बीच यहां नक्सलियों के लगाए गए प्रेशर आईईडी में मजदूरों का पैर आ गया और जोर का धमाका हुआ। इस धमाके में इनके पैर के चिथड़े उड़ गए। उस इलाके से गुजर रहे अन्य मजदूरों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस दोनों घायल मजदूरों को छोटे डोंगर के अस्पताल ले आयी। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों मजदूरों को बेहतर उपचार के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसमें से एक मजदूर दिलीप कुमार बघेल की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई थी, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। उल्लेखनीय है कि इसी छोटे डोंगर थाना इलाके में एक वर्ष पहले नक्सलियों की लगाई प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर दो मजदूरों की मौत हो गई थी, जबकि एक मजदूर घायल हुआ था। यह सभी मजदूर आमदई माइंस में काम करने के लिए जंगल के रास्ते से जा रहे थे। इसी दौरान प्रेशर आईईडी पर इनका पैर आ गया था।

## होली पर रेलवे चलाएगा 250 से अधिक विशेष ट्रेन

एजेंसी

**नई दिल्ली**। होली के त्योहार को देखते हुए रेलवे ने 250 से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। होली पर उत्तर रेलवे की तैयारियों को लेकर उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सनातन धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक होली का पर्व है। घर से दूर काम या व्यवसाय करने वाले कई लोग घर पर अपनों के साथ होली का त्योहार मनाना चाहते हैं। इसके लिए उत्तर रेलवे ने यात्रियों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। हर बड़े स्टेशन जैसे नई दिल्ली, आनंद विहार और अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों पर जहां बड़ी संख्या में लोग ट्रेन पकड़ने आते हैं, वहां पुख्ता व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुरक्षा में कर्मियों की ड्यूटी बढ़ाई गई है। होली को देखते हुए उत्तर रेलवे की ओर से 250 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें कई ट्रेनों की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि देखने को मिलता है कि त्योहार के सीजन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों से अधिकतर संख्या में लोग यूपी-बिहार-झारखंड-असम की ओर जाते हैं। इनकी संख्या अन्य की तुलना में काफी ज्यादा होती है। इसलिए इन क्षेत्रों के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वंदे भारत स्पेशल ट्रेन नई दिल्ली से पटना तक चलाई जाएगी। उत्तर रेलवे अपनी ओर आरक्षित और अनारक्षित ट्रेनें भी संचालित करेगा। हमारा मकसद है कि होली के त्योहार पर जो लोग अपने घर जा रहे हैं, वे दोबारा स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र पर लौट सकें।

# दिल्ली में आज से महिलाओं को मिलेंगे 2500

### रजिस्ट्रेशन के लिए स्पेशल पोर्टल लॉन्च होगा, 3 लाख से कम आय वाली महिलाएं पात्र

एजेंसी

**नई दिल्ली** । दिल्ली में भाजपा सरकार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला समृद्धि योजना का शुभारंभ करने जा रही है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने दिल्ली सरकार की तरफ से 2500 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। इस योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सलाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का लाभ 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी



वित्तीय सहायता नहीं मिल रही है। महिला समृद्धि योजना का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक स्पेशल पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च करेगी जहां महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं और अनुमान है कि 20 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकती हैं। इसमें से लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं मतदान करती हैं। अधिकारियों ने कहा कि सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है। महिला समृद्धि योजना के शुभारंभ के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

## आईएफएस अधिकारी ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली**। चाणक्यपुरी इलाके में एक भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी ने अपनी बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह काफी समय से डिप्रेशन में थे और उनका इलाज चल रहा था। घटना शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे की है, जब रावत ने एमईए की रेसिडेंशियल सोसाइटी की बिल्डिंग से छलांग लगा दी। घटना के वक्त घर में सिर्फ उनकी मां मौजूद थीं। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे भी हैं, जो देहरादून में रहते हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जितेंद्र रावत मानसिक तनाव से गुजर रहे थे और इलाज करा रहे थे। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असली वजह की जांच अभी जारी है।

## 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा की अमेरिकी कोर्ट ने खारिज की याचिका

एजेंसी

**वाशिंगटन**। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने अमेरिकी कोर्ट में याचिका लगाते हुए दावा किया था कि मुस्लिम और पाकिस्तानी मूल के होने के कारण भारत में उसे प्रताड़ित किया जाएगा। इसलिए उसे भारत को प्रत्यार्पण न किया जाए। लेकिन कोर्ट ने राणा की आपातकालीन याचिका को खारिज कर दिया है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा पर आरोप है कि उसने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को मुंबई हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में सहायता प्रदान की थी। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे, जिसमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। राणा को उसके बचपन के दोस्त और हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक, डेविड कोलमैन हेडली के साथ



मिलकर काम करने का दोषी ठहराया गया है। हेडली वर्तमान में अमेरिका में 35 साल की सजा काट रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनके प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों में से एक राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है, ताकि वह 26/11 के मुंबई हमले में संलिप्तता को लेकर भारत में मुकदमे का सामना कर सके। राणा ने कहा है कि 13 फरवरी को उसकी ओर से दायर याचिका के गुण-दोष पर लंबित मुकदमे के निस्तारण तक उसके भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जानी चाहिए।

## धर्मांतरण विरोधी कानून पर भड़के अरुणाचल के ईसाई संगठन

एजेंसी

**ईटानगर** । अरुणाचल प्रदेश में हाल ही में धर्मांतरण के खिलाफ एक कानून बनाया गया। इसके खिलाफ अरुणाचल प्रदेश क्रिश्चियन फोरम के बैनर तले हजारों ईसाइयों ने गुरुवार को मोर्चा खोल दिया। ईटानगर के पास विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश स्वतंत्रता धर्म अधिनियम, 1978 के लागू किए जाने के खिलाफ आवाज उठाई गई।बता दें कि यह धर्म परिवर्तन के खिलाफ एक कानून है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश का चीन से सीमा संपर्क है और यहां हमेशा शांति बनी रही है, लेकिन इस कानून को लागू करने से राज्य में धार्मिक विभाजन बढ़ सकता है।एसीएफ के अध्यक्ष ताई मिरी ने कहा कि दो लाख से अधिक ईसाई विभिन्न संप्रदायों से ताल्लुक रखते हुए ईटानगर के पास बोरम में एकत्रित हुए। मिरी ने बताया कि पहले एसीएफ ने विधानसभा के पास घेराव करने का निर्णय लिया था, जहां वर्तमान में बजट सत्र चल रहा है। बाद में उन्होंने ईटानगर के एक टेनिस कोर्ट में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की अनुमति मांगी थी, जिसे प्रशासन ने अस्वीकार कर दिया।

## कारगिल में उतारा सी-17 ग्लोबमास्टर विमान

**नई दिल्ली** । भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कभी एकदम से खत्म नहीं हुआ है। वहीं पाकिस्तान और चीन सदाबहार दोस्त बने रहते हैं। इसके बाद भारत की चुनौती और भी बढ़ जाती है। लेकिन सेना ने कारगिल में सी-17 ग्लोबमास्टर विमान को उतारकर बड़ा दांव चल दिया है। यह कदम बड़ा गेमचेंजर साबित हो सकता है। दरअसल सीमा को सुरक्षित रखने के लिए कनेक्टिविटी बहुत अहम है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में अक्सर कनेक्टिविटी खत्म हो जाती है। पाकिस्तान 1999 में करगिल

# पुलिस ने साइबर ठगों से वापस दिलवाए 26 करोड़

एजेंसी

**नोएडा**। पुलिस ने 14 महीने में साइबर ठगी के 25 करोड़ 96 लाख से ज्यादा की ठगी गई रकम पीड़ितों को वापस दिलाई है। जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक साइबर क्राइम में शामिल 553 साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी साइबर सुरक्षा ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में हाल के वर्षों में साइबर क्राइम की घटनाएं बढ़ी हैं। इसके बाद पुलिस ने इस पर शिकंजा कसना शुरू किया। पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट, निवेश के नाम पर केवाईसी अपडेट करने, बिजली बिल छूट आदि से जुड़ी साइबर जालसाजी में शामिल



553 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम पुलिस व साइबर सेल ने 14 महीने में डिजिटल अरेस्ट, निवेश व केवाईसी फ्रॉड के 87 मामले और आईटी एक्ट में 466 जालसाजों को दबोचा है। इस दौरान कई साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं से संबंधित 10 करोड़ 32 लाख 28 हजार 231 रुपए लोगों को वापस कराए। वहीं डिजिटल अरेस्ट के 1 करोड़ 31 लाख 67 हजार 874 रुपए, आईटी एक्ट के तहत 1 करोड़ 8 लाख 94 हजार 666 रुपए वापस दिलवाए हैं। वहीं एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त हुई 29048 शिकायतों से संबंधित 13 करोड़ 23 लाख 60 हजार 581 रुपए पीड़ितों को वापस दिलवाए। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने 10 हजार से ज्यादा संदिग्ध मोबाइल नंबरों को भी बंद करवा दिया है। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसके लिए साइबर थाने व साइबर सेल की टीम लगाई गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि डर व लालच से दूर रहें और थोड़ी सावधानी बरतें तभी साइबर ठगी से बचा जा सकता है।

## एथेना लैंडर चंद्रमा पर उतरा थोड़ी देर बाद हो गया गायब

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिका की प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद पर उतरा गया। इसकी पुष्टि नासा ने की। अब कहा जा रहा है कि इसकी स्थिति की जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं नासा ने लाइव टेलिकास्ट भी बंद कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह पता नहीं चल पा रहा कि लैंडर चांद की सतह पर सीधा खड़ा है या नहीं। मीडिया रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि मिशन की पुष्टि को लेकर समय लग सकता है। मिशन के डायरेक्टर और कंपनी के टिम क्रेन भी स्पष्ट नहीं कर पाए कि मिशन चंद्रमा पर उतरा भी है या नहीं। उन्होंने कहा कि लैंडर की स्थिति का पता लगाने की कोशिश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि सतह पर उतरने के बाद भी लैंडर से संपर्क साधा गया था। पिछली बार जब इंट्यूटिव मशीन्सह्न नामक इस कंपनी



ने एक साल पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारा था, तो वह तिरछा होकर गिर गया था। कंपनी का सबसे नया एथेना लैंडर योजना के मुताबिक चंद्रमा की कक्षा से बाहर निकल गया है। उसमें एक आइस ड्रिल, एक ड्रोन और दो रोवर लगे हैं। एक घंटे तक ऐसा लगा कि यह ह्यलैंडरह्न अच्छी तरह उतर रहा है लेकिन मिशन कंट्रोल को उसके उतरने की पुष्टि करने में समय लगा। उन्होंने कहा कि हम यह मूल्यांकन कर रहे हैं कि सतह पर हमारा झुकाव कितना है। अधिकारियों ने बताया कि एथेना कंट्रोलर से संपर्क कर रहा था और सौर ऊर्जा पैदा कर रहा था लेकिन लैंडिंग के 20 मिनट बाद भी क्रेन यह पुष्टि करने में असमर्थ था कि लैंडर के साथ सब कुछ ठीक है या नहीं। नासा और इंट्यूटिव मशीन्स ने इस लैंडिंग का सीधा प्रसारण बंदर करते हुए कहा कि बाद में वे और जानकारियां साझा करेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल, इंटुएटिव मशीन्स ने इतिहास रचा था जब इसके पहले चंद्र लैंडर ओडीसियस ने चंद्र सतह पर एक नरम टचडाउन किया।

## सऊदी में अमेरिका-यूक्रेन की अहम बैठक

**कीव**। यूक्रेन और अमेरिका के शीर्ष अधिकारी आगामी बुधवार को सऊदी अरब में एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रहे हैं। इस मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होगी और युद्धविराम को लेकर सकारात्मक बातचीत की उम्मीद जताई जा रही है। यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जबकि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच पिछले हफ्ते वाइट हाउस में बैठक के दौरान तीखी नोंक-झोंक हो गई थी। इस तनावपूर्ण बातचीत और विवाद के बाद ही ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रोक दी थी, जिससे दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेलेंस्की सोमवार को सऊदी अरब जाएंगे और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया में भीषण चक्रवात से दहशत

▸ 25 लाख लोगों के सामने आ रहा बड़ा संकट

एजेंसी

**कैनबरा**। बीते पांच दशकों का सबसे खतरनाक चक्रवात के कारण 25 लाख लोग दहशत में आ गए हैं। इसका नाम अल्फ्रेड है जो शुक्रवार देर रात या शनिवार की सुबह तक तट पर तबाही मचा सकता है। यह चक्रवात श्रेणी एक का है, जो अटलांटिक महासागर में एक उष्णकटिबंधीय तूफान के बराबर है। ब्रिस्बेन की ओर यह बढ़ रहा है, जहां 25 लाख लोग रहते हैं। स्थानीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह तक चक्रवात अल्फ्रेड ब्रिस्बेन से लगभग 195 किमी पूर्व में था और यह 95 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। ऑस्ट्रेलिया के



मौसम विज्ञान ब्यूरो के मुताबिक चक्रवात ने पहले ही तट के इलाकों में खतरनाक लहरें पैदा कर दी हैं। गोल्ड कोस्ट पर 12.3 मीटर की रिकॉर्ड ऊंचाई वाली लहर देखी गई। तूफान को देखते हुए स्कूलों को बंद कर दिया गया है। इसके अलावा पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी बंद है। दुकानों और लगभग सभी सेवाएं बंद हैं। ब्रिस्बेन में गुरुवार को लोगों को सुपरमार्केट से खाने और बोतलबंद पानी की खरीदारी करते हुए देखा गया। बाढ़ से बचने के लिए हजारों मिट्टी वाले बैग वितरित किए गए, लेकिन यह पर्याप्त नहीं लग रहा। 50 साल में यह सबसे बड़ा तूफान बताया जा रहा है।पिछली बार 1974 में इसी तरह की ताकत वाला चक्रवात जोए इस क्षेत्र में आया था, जिससे शहर और नदियों में बाढ़ आ गई थी। लोगों को तटीय इलाकों में न जाने को लेकर चेतावनी दी गई है। गोल्ड कोस्ट सिटी कार्उंसिल ने चट्टानों और खतरनाक पानी के पास जाने वालों के लिए 10,000 डॉलर (8.71 लाख रुपए) का जुमार्ना लगाने की चेतावनी दी है।

# रेल मंत्री की अध्यक्षता में स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

▸ कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली** । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। इसमें रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। इस उच्च स्तरीय बैठक में रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार की गई रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की और उनकी समीक्षा की गई। इसमें तय किया गया कि पिछले त्योहारी सीजन



और महाकुंभ के अनुभवों के आधार पर देशभर के ऐसे 60 स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे, जहां समय-समय पर भारी भीड़ रहती है। नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने पर ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी। इससे स्टेशनों पर भीड़ कम होगी।

बैठक में तय किया गया कि 60 स्टेशनों पर पूर्ण प्रवेश नियंत्रण शुरू किया जाएगा। केवल कन्फर्म रिजर्व टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी और सभी ऐसे प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया जाएगा, जो अनिधिकृत होंगे। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि 12 मीटर चौड़े (40 फीट) और 6 मीटर चौड़े (20 फीट) मानक एफओबी के दो नए डिजाइन विकसित किए गए हैं। रैंप वाले ये चौड़े एफओबी महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन में बहुत प्रभावी रहे। ये नए मानक-चौड़े एफओबी सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे।


इसके अलावा यह भी फैसला लिया गया कि महाकुंभ के दौरान कैमरों ने भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद की। सभी स्टेशनों और आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे। बड़े स्टेशनों पर वॉर रूम बनाए जाएंगे। भीड़भाड़ की स्थिति में सभी विभागों के अधिकारी वॉर रूम में काम करेंगे।

बैठक में तय किया गया कि सभी बड़े स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक के तौर पर एक वरिष्ठ अधिकारी होगा। स्टेशन निदेशक को वित्तीय रूप से सशक्त बनाया जाएगा, ताकि वह स्टेशन को बेहतर बनाने के लिए मौके पर ही फैसले ले सके। स्टेशन निदेशक को स्टेशन की क्षमता और उपलब्ध ट्रेनों के हिसाब से टिकटों की बिक्री को नियंत्रित करने का अधिकार भी दिया जाएगा।

## मेक्सिको और कनाडा को 2 अप्रैल तक टैरिफ से राहत

एजेंसी

**वॉशिंगटन**। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा से आयातित कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ को अगले महीने तक के लिए स्थगित कर दिया है। यह फैसला मेक्सिको के राष्ट्रपति के साथ हुई वार्ता के बाद लिया गया। मेक्सिको और कनाडा को यह छूट यूनाइटेड स्टेट्स-मेक्सिको-कनाडा समझौते के तहत उन वस्तुओं पर दी गई है जो इस मुक्त व्यापार संधि के अंतर्गत आती हैं। ट्रंप ने गुरुवार को उन कागजातों पर हस्ताक्षर किए, जिनके तहत 2 अप्रैल तक कुछ टैरिफ को टाल दिया गया। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने पहले ही इशारा दिया था कि ट्रंप कुछ टैरिफ में कटौती कर सकते हैं। उन्होंने कहा था कि 5 मार्च से लागू 25 प्रतिशत टैरिफ में कुछ में छूट दी जा सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका अब भी उन देशों पर आयात शुल्क लगाएगा जो अमेरिकी उत्पादों पर कर लगाते हैं। ट्रंप ने इससे पहले टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की थी, लेकिन अब दूसरी बार इसे टाल दिया गया है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर कहा, कि हम सीमा पर अवैध प्रवासियों और नशीले पदार्थों को रोकने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



# ठंडा दूध सेहत के लिये सबसे उत्तम

**ऑफिस, जिम से आकर बुरी तरह से थक जाते हैं और तुरंत ऊर्जा के लिए कुछ खाने के लिय ढूंढते हैं तो, आपको एक ओट्स और ठंडे दूध का कटोरा भर खा जाएं। इससे आपकी खोई हुई एनर्जी भी वापसी आएगी और मसल्स को रिपेयर होने के लिए प्रोटीन भी मिल जाएगा।**

दूध का नाम सुनते ही कई लोगों की मुंह, नाक-भौं सिकुड जाती है, पर यदि उन्हें ठंडे दूध के लाभ के बारे में पता चल जाए तो इससे कभी पीना नहीं छोडेंगे। दूध सेहत के लिये सबसे उत्तम पेय पदार्थ है। दूध में कैल्शियम और विटामिन डी होता है जो न केवल हड्डियों के लिये ही बल्कि पूरी सेहत के लिय बढियां माना जाता है।

कई लोगो को दूध पीना पसंद नहीं होता। वहीं कई लोग दूध को ठंडा और कई लोग गरम दूध पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन क्या अपने कभी सोचा है कि दोनों में से कौन सा दूध पीना ज्यादा बेहतर है।

ऑफिस, जिम से आकर बुरी तरह से थक जाते हैं और तुरंत ऊर्जा के लिए कुछ खाने के लिय ढूंढते हैं तो, आपको एक ओट्स और ठंडे दूध का कटोरा भर खा जाएं। इससे आपकी खोई हुई एनर्जी भी वापसी आएगी और मसल्स को रिपेयर होने के लिए प्रोटीन भी मिल जाएगा।

अगर आप बिल्कुल ठंडा दूध पियें तो सबसे पहले शरीर को नॉर्मल तापमान पर लाने के लिये कैलोरी बर्न करनी पडेगी और फिर उसे पचाना पडेगा। इससे आपका मोटापा कंट्रोल में रहेगा।

आप ठंडे दूध को कार्नफ्लेक्स या ओट्स के साथ मिलाकर पी सकते हैं। ठंडा दूध पीने एसीडिटी, बार-बार भूख लगना, मोटापा आदि जैसी छोटी-मोटी बीमारियों दूर हो सकती है।

गरम दूध पीने की एक अच्छी बात यह है कि इसे पीने से आपका शरीर इसे आराम से हजम कर सकता है।

Recipe

# गुड का परांठा

**बनाने की विधि**

आटे को किसी बडे बर्तन में निकाल लीजिये, आटे में नमक और 1 छोटी चम्मच घी डालकर मिला दीजिये। गुनगुने पानी की सहायता से नरम आटा गूथ कर तैयार कर लजिये। गुथे आटे को ढक्कर 20 मिनट के लिए रख दीजिये। आटा फूल कर सैट हो जायेगा। स्टफिंग तैयार कर लीजिये गुड में बादाम पाउडर और इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स कर कर लीजिये। तवा गरम कीजिये, आटे से थोडा सा आटा एक छोटी-छोटी लोई बनाकर पेडा बनाइये, सूखे आटे में लपेट कर 3-4 इंच के व्यास में परांठा बेल लीजिये, बेले गये परांठे के ऊपर थोडा सा घी लगाइये। अब 1-2 छोटी चम्मच स्टफिंग परांठे के बीच में रखिये और परांठे को चारों ओर से उठाकर स्टफिंग को बन्द कीजिये। अब उंगलियों से दबाकर स्टफिंग को चोरों एक जैसे फैलाते हुये परांठे को बढाइये, अब इसे सूखे आटे में लपेट कर हल्का दबाब देते हुये गोल 5-6 इंच के व्यास में थोडा मोटा परांठा बेल कर तैयार कीजिये। तवा गरम हो गय है। तवे पर परांठा डालिये और निचली सतह हल्की सी सिकने पर परांठा पलट दीजिये, दूसरी सतह पर हल्की चित्ती आने पर ऊपर की सतह पर थोडा सा घी डालकर, चारों और फैलाइये, परांठे को पलट दीजिये और दूसरी ओर भी घी लगाकर चारों ओर फैलाइये।परांठे को दोनों ओर पलट कर ब्राउन चित्ती आने तक सेकिये। सिके परांठे को प्लेट पर रखी प्याली या बिछे फोइल के ऊपर ररिखये ओर सारे परांठे इसी तरह से सेक कर तैयार कर लीजिये। तो तैयार गुड यम्मी-यम्मी के परांठा।



**सामग्री-**

2 कप गेहूं का आटा
नमक स्वादानुसार
1/2 कप गुनगुना पानी
3-4 इलायची
2-3 टेबल स्पून घी
चावल का आटा पलेथन के लिए।



# गुजिया

गुझिया एक पारंपरिक भारतीय पकवान है जिसे मैदे या आटे के अंदर खोये और मेवे का मिश्रण भर के तल के बनाया जाता है। लेकिन आज हम आपके लिए लाये हैं किशमिश गुजिया।

**सामग्री-**

ताजा पनीर मसला हुआ 1 1/2 प्याला
किशमिश 1/4 प्याला
बूरा चीनी 1/4 प्याला
बादाम सूखें पिसे 1/2 बडा चम्मच
मैदा 2 प्याले
मोयन का घी 3 चम्मच
तलने के लिए रिफाइंड।

**बनाने की विधि-**

मैदा छानें व मोयन के लिए घी या रिफाइंड डाल कर अच्छी तरह से मसलें। थोडा पानी डालकर मैदा कोनमरम ही गूंधें व गीले कपडे से ढक कर रखें। एक समान लोइयां तैयार करें व पतली-पतली बेलें। पनीर को भारी पेंदे के बर्तन में डाल कर गर्म करें। पिसे बादाम मिला कर भरावन तैयार करें। प्रत्येक बेले हुए गोल के किनारों पर मैदा पेस्ट लगाएं। भरावन भर सांचे से निकाल कर गर्म रिफाइंड में मध्यम आंच पर तैयार करें। गर्मागर्म या ठंडा गुजियां सर्व करें।

# चटपटी पावभाजी



**सामग्री-**

1 कटोरी मिक्स सब्जी इसमें मटर
गोभी, गाजर और आलू मिला सकती हैं।
1/2 कटोरी प्याज बारीक कटा
1 छोटा चम्मच भुना जीरा
1 छोटा चम्मच लाल मिर्चपाउडर
2 बडे चम्मच हरा धनिया बारीक कटा
3-4 हरी मिर्चे बारीक कटी
2 बडे टमाटर
स्वादानुसार नमक

**बनाने की विधि**

1 छोटा चम्मच अदरम-लहसुन का भुना मसाला पेटा और 4-5 पाव व देसी घी।
टमाटरों को उबाल कर प्यूरी बना लें। कडाही में थोडा सा देसी घी गरम करें।
उसमें टमाटर की प्यूरी डाल दें और अच्छी तरह पकाएं।
उसमें नमक, धनिया, लाल व हरी मिर्च और अदरक-लहसुन का भुना मसाला पेस्ट मिलाएं।
मिक्स सब्जी को उबाल कर इसमें मिलाएं और प्यूरी सूखने तक पकाएं।
सब्जी को अच्छी तरह से मैश कर लें। सर्विंग डिश में तैयार भाजी रखें। भुना जीरा, हरा धनिया, प्याज मिलाएं।
पाव को गरम तवे पर घी लगाकर सेंक कर भाजी के साथ सर्व करें।

# मैरिड कपल कुछ यूं संवारें अपना बेडरूम

**आपकी खुशहाल लाइफ को ज्यादा रोमांचक बनाने में बेडरूम का अपनी ही जगह है।**

## पेंट

आपके बेडरूम की दीवारों को मनचाहे कलर्स से कलर कर बेडरूम का माहौल खुशनुमा बना सकते हैं। आप दीवारों पर अलग-अलग तरह के पेंट करवा सकते हैं। पेंट में आप डाई डिस्टेंपर, ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, प्लास्टिक इमल्सन, एक्रिलिक, सीमेंट और टेक्स्चर पेंट्स करवा सकते हैं। क्रिस्टल पेंट करवाने से दीवारों रात में चमकती हैं। मिक्स एण्ड मैच पेंट करवाकर कमरे का माहौल रोमांटिक बना सकते हैं। कमरे की छत को लोग व्हाइट कलर में पेंट करवाना पसंद करते हैं। सजावट के लिए झुमर भी लगा सकते हैं। झूमर में आपको बहुत से डिजाइन मिल जाएंगे। आप दीवार पर पोस्टर या पसंदीदा फोटो भी लगवा सकते हैं।



## रूम का डेकोरेशन

टेबल पर आप मनी प्लांट या बोनसाई का पेड रख सकते हैं। रूम में कैंडल स्टैंड और दीये जला सकते हैं। फर्श पर गुलाब के फूलों सेबना डिजाइन रूम को और भी खूबसूरत बना देगा।

## पर्दे

पर्दों का कलर बेडशीट से मिलता होना चाहिए। अगर दीवार का रंग हल्का है तो पर्दे गहरे रंग के होने चाहिए। पर्दे के लिए पॉली सिल्क, पॉली कॉटन, वॉयल सिल्क और कॉटन मिक्स फैब्रिक चुन सकते हैं। आप 2-3 शेड्स के पर्दे लगाकर रूम को खूबसूरत बना सकते हैं। आपके रूम में खिडकी है तो पर्दे हैवी होने चाहिए। पर्दों में सीग्रीन, मैरून, गोल्डन और मल्टी कलर्स काफी चलन में है।



# मोरिंगा फली के सेहतभरे लाभ

ड्रमस्टिक या सहजन की फली के बारे में तो हम सभी अच्छे से जानते हैं। इसका वानस्पतिक नाम मोरिंग ओलिफेरा है। यह लगभग हर घर में बनती है। खाने में तो इसका स्वाद सबको खूब भाता है, लेनिक क्या आप जानते हैं कि इस फली के स्वास्थ्य के लिए कई लाभ है। सहजन के पौधे में जड से लेकर सहजन के फूल, पत्तियों तक सेहत के गुण भरे हुए हैं। इसके ताजे फूलों का इस्तेमाल हर्बल टॉनिक बनाने में किया जाता है, वही इसकी छाल का प्रयोग गोंद बनाने में किया जाता है।सहजन की फली, गर्मियों में बीमारियां काफी फैलती है इसका इलाज छुपा है सहजन की फली में। सुरजने की फली और इसके फूल



इस तरह के मौसमी मुसीबतों से बचाते हैं।

शरीर की बढी हुई चर्बी को दूर करने के एिल मोरिंगा को एक लाभदायक औषधि माना गया है। इसमें फास्फोरस की मात्रा पाई जाती है जो कि शरीर की अतिरिक्त कैलोरी को कम करती है और साथ ही वसा को कम कर मोटापा कम करने में सहायक होती है। सहजन की पत्तियों के रस के सेवन से मोटापा धीरे-धीरे कम होने लगता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि मोरिंगा मधुमेह का कम करने और एंटी ऑक्सीडेंट प्रभाव देने वाला है। मोरिंगा के फूल पेट के कीडों को कम करने केलिए उपयोग किया जाते हैं। सहजन की पत्तियों को पीसकर सिर पर लगाने माइग्रेन से परेशान व्यक्ति के सिर का दर्द भी ठीक हो जाता है।

सहजन में मैग्नीशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे कई मिनरल्स मौजूद होते हैं। कैल्शियम होने के करण यह हमारी हड्डियोको भी मजबूत करने में मदद करता है। आयरन से अनेमिया होने का खतरा कम होता है क्योंकि इसकी मदद से हमारे शरीर के कई हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचता है।

सहजन की पत्तियां और फली दोनों ही रक्त को शुद्ध करने में मददगार होती है। हजन के गुण ये कि सहजन के सूप का रोजाना सेवन करने से मुंहासे ओर उसे जुडी सभी परेशानी दूर हो जाती है। इसके अलावा सहजन के रस के मुंहासे या पिंपल पर लगाने से काफी आराम मिलता है। यह एंटीबायोटिक की तरह भी काम करता है।

# घर का डॉक्टर एलोवेरा



प्राचीन आयुर्वेद में छिपे एलोवेरा के अनोखे प्रयोग जो आपको बनाएंगे कई बीमारियों से मुक्त और स्वस्थ। एलोवीरा का पौधा कांटेदार होता है। जिसके किनारे पतले होते हैं। एलोवीरा से निकलने वाला गूदा ही असल औषधी होती है।

एलोवेरा में मिनरल्स, एंजाइम, विटामिन्स, पॉलिसैचेराइड्स और फैटी एसिड्स जैसे लगभग 200 तत्व पाए जाते हैं, जिनका प्रयोग बहुत सारे रोगों में घरेलू इलाज के तौर पर किया जाता है।

साधारण सा दिखने वाला एलोवीरा पौधा आपको कितना फायदा पहुंचा सकता है ये तो आपने सोचा भी नहीं होगा। एलोवीरा हमारी त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद है यह तो सभी जानते हैं। लेकिन ये अस्थमा, गैसी की समस्या, पथरी, सासों की परेशानी, खांसी की समस्या जैसी कई बीमारियों में बहुत ही फायदेमंद होता है।

इसमें पर्यास मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं। डेली आप ऐलोवेरा जूस पीने से त्वचा साफ और एक्ने रहित होती है। एलोवेरा को मास्क की तरह से भी चेहरे पर लगा सकती हैं।

एलोवेरा की पत्तियों में पाए जाने वाले जैल में 99 प्रतिशत पानी होता है। जिसका इस्तेमाल लगभग 5000 साल में दवाओं के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है।

एलोवेरा में विटामिन ए, सी, ई, फॉलिक एसिड, कोलीन, बी1, बी2, बी3 और बी6 पाया जाता है।

एलोवेरा मोटापा कम करने मदद करता है। 10 ग्राम एलोवेरा के रस में मेथी के ताजे पत्तो को पीसकर उसे मिलाकर प्रतिदिन सेवन करें ।

**इसमें पर्याप्त मात्रा में एंटी ऑ सीडेंट्स होते हैं। डेली आप ऐलोवेरा जूस पीने से त्वचा साफ और ए ने रहित होती है। एलोवेरा को मास्क की तरह से भी चेहरे पर लगा सकती हैं।**

# रंग-बिरंगी फल-सब्जियां खाने के लाभ ही लाभ

**रंगीन फल या सब्जियों में बीटा-कैरोटीन, वीटामिन बी समेत विभिन्न पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।**

अगली बार अगर आप फल-सब्जी खरीदने जाएं तो चटख से चटख रंग की सब्जी और फल खरीदें। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है जो फल एवं सब्जी प्राकृतिक रूप से जितना रंगीन होते हैं वे उतने ही अधिक स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक होते हैं। फलों का रंग उसमें मौजूद विटामिन और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों की जानकारी देता है। रंगीन फ ल या सब्जियों में बीटा-कैरोटीन, वीटामिन बी समेत विभिन्न पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।

फल जितना रंगीन होगा, वह उतना ही स्वास्थ्यवर्धक होगा। रंगीन फ ल बताता है कि उसमें बीटा-कैरोटीन, विटामिन बी, विटामिन सी एवं अन्य पोषक तत्व अधिक मात्रा में हैं।'' बीटा-कैरोटीन को विटामिन ए के रूप में भी जाना जाता है।

आमतौर पर यह स्तन एवं गर्भाशय कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, मोतियाबिंद, तनाव, ऑर्थराइटिस जैसी बीमारियों के उपचार में मददगार है। यह फल, सब्जी एवं अनाज में पाया जाता है।


हरे रंग के फल हैं, उनमें भी बीटा-कैरोटिन या अन्य पोषक तत्व पाये जाते हैं पर रंगीन फलों की तुलना में उनमें विटामिन कम होते हैं। सभी फलों एवं सब्जी में पोषक तत्व होते हैं चाहे वह हरा हो या फिर किसी और रंग का। लेकिन रंगीन फ लों की तुलना में उनमें विटामिन कम होते हैं।




कृषि अनुसंधान संस्थान का फल एवं बागवानी विभाग आम, अमरूद, बेर जैसे फलों की ऐसी प्रजातियां विकसित करने में लगा है जो अधिक लाल या पीले रंग की होगी। विभाग ने इस वर्ष जुलाई में पूसा प्रतिभा, पूसा श्रेष्ठ, पूसा लालिमा तथा पूसा पितांबर जैसी आम की किस्में पेश की हैं। पूसा प्रतिभा का फल लाल रंग का तथा इसका गूदा नारंगी रंग का है।

पूसा श्रेष्ठ एवं पूसा लालिमा लाल रंग का है जबकि पूसा पीतांबर पीले रंग का है। इसी प्रकार, विभाग ने लाल रंग का अमरूद और बेर का भी विकास किया है। जबकि आमतौर पर अमरूद या बेर हरा या पीले रंग का देखने को मिलता है। ये सभी फल न केवल खाने में स्वादिष्ट हैं बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी हैं क्यों कि इनमें सामान्य फ लों के मुकाबले बीटा-कैरोटीन तथा अन्य विटामिन एवं पोषक तत्व पर्यास मात्रा में हैं।

इस प्रकार के फलों को लोकप्रिय बनाने के लिए अधिक विटामिन एवं अन्य पोषक तत्व वाले आम एवं अन्य फ लों के पौधे को किसानो के बीच लोकप्रिय बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं ताकि बड़े पैमाने पर इस प्रकार की फल की किस्मों का उत्पादन हो सके।



# मेघा बरसेंगे में शॉकिंग अवतार में लौटे किंशुक महाजन

**टीवी शो मेघा बरसेंगे में किंशुक महाजन अब एक नए और शॉकिंग अवतार में नजर आएंगे। इस शो में कभी चालाक और बेहद खतरनाक रहे मनोज में अब एक बच्चे की मानसिकता वाला व्यक्ति नजर आ रहा है। लेकिन क्या मेघा इस बात को अपना पाएंगी या नहीं।**

### क्या वाकई में बदल गया है मनोज

मेघा बरसेंगे में एक चालाक खलनायक रहे मनोज अब पूरी तरह से बदले नजर आए। मनोज के स्वभाव में अब बिल्कुल एक बच्चे की मानसिकता वाला व्यक्ति नजर आ रहा है। लेकिन मोनज के स्वभाव में यह बदलाब मेघा (नेहा राणा) और अर्जुन (नील भट्ट) के लिए एक नई चुनौती लेकर आती है, जो उनके नाजुक रिश्ते को और भी जटिल बना देती है। मेघा, जो पहले मनोज की याददाश्त खोने की बात पर शक करती है, लेकिन फिर धीरे-धीरे समझ जाती है कि मनोज अब सचमुच बदल गया है। लेकिन जब मेघा, मनोज की मासूमियत का इस्तेमाल अर्जुन को जलाने के लिए करती है, तो क्या वह अब सब कुछ खो देगी, जो उसके लिए अनमोल है?

### किंशुक महाजन

इस शो में अपने कमबैक के बारे में किंशुक महाजन ने कहा, अभिनेताओं को एक ही शो में अलग तरह के दो किरदार निभाने का मौका शायद ही मिलता होगा। एक खलनायक से लेकर एक ऐसे व्यक्ति तक का सफर, जिसका दिमाग बचपन में अटक गया हो। मेरे लिए यह नया अवतार रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दोनों ही है। आगे किंशुक ने कहा, यह सिर्फ एक किरदार का बदलाव नहीं है बल्कि यह एक बिल्कुल नया किरदार है, जिसके लिए एक अलग सोच, ऊर्जा और समझ की जरूरत है। मनोज के किरदार में मैंने वास्तविक जीवन के केस स्टडीज देखी, ताकि मैं समझ सकूं कि भावनात्मक रूप से समय में ठहर जाना क्या होता है।

### अपने किरदार मनोज के बारे में किंशुक की राय

किंशुक ने कहा, मुझे सबसे ज्यादा उत्साह इस बात का है कि मनोज एक अप्रत्याशित किरदार है। मुझे यकीन है कि मनोज की वापसी कहानी को अनोखा रूप देगी। मुझे उम्मीद है कि दर्शक शो के इस नए अवतार को उतना ही पसंद करेंगे, जितना मुझे इसे निभाने में आया। मेघा बरसेंगे एक ड्रामा सीरीज है, जिसका प्रीमियर 6 अगस्त 2024 को कलर्स टीवी पर हुआ था। सौरभ तिवारी द्वारा निर्मित इस शो में नेहा राणा, नील भट्ट और किंशुक महाजन महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इस शो को आप हर रोज शाम सात बजे कलर्स पर देख सकते हैं।



# लंबे एक्टिंग करियर के बाद भी साइड रोल देते हैं प्रोडक्शन हाउस

ज्योतिका ने हिंदी और साउथ दोनों ही लैंग्वेज की फिल्मों में एक्टिंग की है। हाल ही में ओटीटी पर स्ट्रीम हुई वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' में वह नजर आईं। इस वेब सीरीज में उनका रोल काफी चैलेंजिंग है। लेकिन अब तक के करियर में जो रोल उन्हें ऑफर हुए हैं, उससे उन्हें कहीं ना कहीं कुछ शिकायत भी है।

### हीरो के सामने साइड रोल मिले

ज्योतिका ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए गए इंटरव्यू में बताया कि एक लंबे एक्टिंग करियर के बाद भी उन्हें जब बड़े फिल्म मेकर्स, प्रोडक्शन हाउस कोई रोल देते हैं तो वह हीरो के सामने साइड रोल जैसा होता है। यह बहुत ही खराब बात लगती है। ज्योतिका को समझ नहीं आता है कि ऐसे फिल्म मेकर्स करते क्यों हैं?

### डिब्बा कार्टेल में उम्दा एक्टिंग

वेब सीरीज 'डिब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी के साथ ज्योतिका को काम करने का मौका मिला है। यह सीरीज 28 फरवरी को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई है। अपने रोल में ज्योतिका ने जान डाल दी है। लेकिन सीरीज से पहले शबाना ही नहीं चाहती थी कि ज्योतिका को रोल में लिया जाए। इस बात का खुलासा शबाना ने कुछ दिन पहले किया था।

### शबाना ने बाद में एक्टिंग को सराहा

पिछले दिनों 'डिब्बा कार्टेल' के एक इवेंट में शबाना आजमी ने ज्योतिका से माफी मांगी। दरअसल, शबाना ने बताया कि वह दूसरी किसी एक्ट्रेस को ज्योतिका वाले रोल के लिए सजेस्ट कर रही थीं। लेकिन बाद में ज्योतिका की एक्टिंग देखकर वह उनकी कायल हो गईं। वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' की बात की जाए है तो इसकी कहानी कुछ ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक ड्रग माफिया चला रही हैं, लेकिन आम लोग उन्हें सिर्फ टिफिन सर्विस देने वाली महिलाएं समझते हैं। इस शो में शबाना आजमी, ज्योतिका के अलावा शालिनी पांडे, अंजलि आनंद और निमिषा सजयन जैसी एक्ट्रेस भी नजर आएंगी।






# अगले साल रिलीज होगी नानी स्टारर द पैराडाइज

निर्देशक श्रीकांत ओडेला की बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'द पैराडाइज' की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। फिल्म में नेचुरल स्टार नानी मुख्य भूमिका में हैं। निर्माताओं ने फिल्म से जुड़े एक वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए बताया कि फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक वीडियो के साथ बताया कि एक्शन फिल्म अगले साल 26 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'द पैराडाइज' के निर्माताओं ने प्रशंसकों के साथ एक वीडियो भी शेयर किया, वीडियो की शुरुआत एक कमेंट्री से होती है। महिला की आवाज है। वह कहती है, हर किसी ने तोते और कबूतर के बारे में लिखा है। फिर भी किसी ने कौवों की कहानी लिखने की हिम्मत नहीं की। यह उन कौवों की कहानी है, जो उत्पीड़न का शिकार हुए। महिला आगे कहती है, युगों से भटकती बेचैनी की गाथा। एक ऐसी जाति की कहानी जिसे मां के स्तन में दूध की जगह खून मिला। एक चिंगारी ने पूरे समुदाय में वीरता की चिंगारी जलाई। कौवे, जो कभी तिरस्कृत थे, उन्होंने तलवारों को हाथ में थामा। यह मेरे बेटे की कहानी है, जिसने सबको एकजुट किया और नेता बनकर उभरा। टीजर से यह स्पष्ट होता है कि फिल्म समाज से बहिष्कृत एक उत्पीड़ित वर्ग की कहानी है, जो बलवान नेता के नेतृत्व में अपनी लड़ाई लड़ता है।

द पैराडाइज के लिए दर्शक बेहद उत्साहित नजर आए। फिल्म निर्माता श्रीकांत ओडेला नानी के साथ दूसरी बार काम कर रहे हैं। दोनों इससे पहले 'दसारा' में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म में नानी के साथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अहम भूमिका में थीं। 'द पैराडाइज' के निर्माता सुधाकर चेरुकुरी हैं। इस फिल्म में देश के सबसे लोकप्रिय संगीत निर्देशकों में से एक अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत दिया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जीके विष्णु ने की है और संपादन नवीन नूली करेंगे। विनय सागर जोन्नाला फिल्म के मुख्य सह-निर्देशक हैं, जबकि संवाद थोटा श्रीनिवास और अज्जू महाकाली ने लिखे हैं।

# जान्हवी कपूर और राम चरण 'आरसी 16' के अगले शेड्यूल के लिये तैयार!



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर साउथ इंडियन अभिनेता राम चरण के साथ आगामी फिल्म 'आरसी 16' में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में पहले ही शुरू हो चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनो अब फिल्म के अगले शेड्यूल के लिए कमर कस रहे हैं। आइए जानते हैं फिल्म का अगला शेड्यूल किस शहर में शूट होगा।

### इस शहर में शूट होगा अगला शेड्यूल

फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक राम चरण और जान्हवी की फिल्म का अगला शेड्यूल कथित तौर पर नई दिल्ली में होने वाला है। हालांकि, फिल्म की टीम या अभिनेताओं की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई हैं। इसे लेकर सिर्फ अटकलें लगाई जा रही हैं। एआर रहमान इस फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। फिल्म के रिलीज की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है।

# अभिनेत्री प्रीति शुक्ला जल्द ही हुमा कुरैशी के साथ फिल्म बयान में आएंगी नजर

टेलीविजन, वेब सीरीज और फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी से पहचान बना चुकीं वर्सटाइल एक्ट्रेस प्रीति शुक्ला जल्द ही बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के साथ आगामी फिल्म बयान में नजर आने वाली हैं। अपने अभिनय के जुनून और हर माध्यम में खुद को साबित करने की चाहत के चलते प्रीति ने हमेशा चुनौतीपूर्ण किरदारों को चुना है। प्रीति शुक्ला ने अपने अभिनय करियर में कई दमदार भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने सोनी सब के चर्चित शो मैडम सर, एंड टीवी के बेगूसराय, और एमएक्स प्लेयर की लोकप्रिय वेब सीरीज माधुरी टॉकीज में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। इसके अलावा, उनकी तेलुगु फिल्म बिग ब्रदर और हिंदी फिल्म एक अंक को भी खूब सराहना मिली। सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि प्रीति फैशन इंडस्ट्री में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवा चुकी हैं। वे कई नामी ब्रांड्स से जुड़ी रही हैं और पॉल एडम्स और लोटस हर्बल जैसे बड़े ब्रांड्स की ब्रांड एंबेसडर भी रह चुकी हैं। उनकी खूबसूरती और स्टाइल सेंस सोशल मीडिया पर भी छाया रहता है, जहां वे अपनी स्टनिंग तस्वीरों से फैंस का दिल जीतती हैं। इसके अलावा भी फैशन की दुनिया में उनकी अच्छी खासी पकड़ रही है। अब प्रीति जल्द ही हुमा कुरैशी के साथ बयान में नजर आएंगी।



# संदीप वांगा ने सलमान खान की इन फिल्मों की तारीफ की

फिल्म एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच उनका एक इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें उन्होंने सलमान खान की दो फिल्मों को क्लासिक फिल्म कहा है साथ ही इनका सीक्वल ना बनाने की बात भी कही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान संदीप से जब पूछा गया कि वह फ्यूचर में हम आपके हैं कौन और हम साथ साथ हैं में से किस फिल्म का सीक्वल बनाना चाहेंगे। तो इस पर संदीप ने कहा, ये फिल्में उस समय बनाई गई थीं जब व्यावसायिक सिनेमा अपने चरम पर था। इन दोनों ही फिल्मों को काफी विश्वास के साथ तैयार किया गया था और मैं उन क्लासिक्स को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता था।

### दोनों ही फिल्मों में सलमान खान हैं

हम आपके हैं कौन और हम साथ साथ हैं दोनों सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित फिल्में हैं। हम आपके हैं कौन में सलमान खान के अलावा माधुरी दीक्षित ने मुख्य अभिनय किया था। इस फिल्म को सुरज बड़जात्या ने लिखा और निर्देशित किया है और यह फिल्म राजश्री प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। फिल्म हम आपके हैं की कहानी से लेकर इस फिल्म के गाने आज भी दर्शकों को बेहद पसंद हैं।

वहीं फिल्म हम साथ साथ हैं में भी सलमान खान मुख्य भूमिका में थे। हम साथ साथ हैं एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म राजश्री प्रोडक्शंस के तहत सूरज बड़जात्या द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस फिल्म में सलमान खान के अलावा सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, नीलम कोठारी, करिश्मा कपूर, तब्बू, महेश ठाकुर, रीमा लागू, आलोक नाथ, शक्ति कपूर, सतीश शाह, सदाशिव अमरापुरकर, अजीत वाचानी हिमानी शिवपुरी और मनीष बहल ने अहम भूमिका निभाई थी। रिलीज के बाद अपनी आपार सफलता और दर्शकों के प्यार ने इसे क्लासिक फिल्म बना दिया।





# मीका सिंह को बिपाशा के साथ काम करने का अफसोस

सिंगर मीका सिंह ने बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर के साथ फिल्म में काम करने के अनुभव को साझा किया है। एक इंटरव्यू में मीका ने कहा है कि क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'डेंजरस' में अभिनेत्री बिपाशा बसु के साथ काम करना उनके लिए बुरा अनुभव रहा।

### नखरे की वजह से नहीं मिल रहा काम

एक इंटरव्यू में गायक ने कहा कि बिपाशा ने सीरीज में काम करते समय नखरे दिखाए। वो अपने रवैये के कारण आज काम से बाहर हैं। मीका कहते हैं- 'आपको ऐसा क्यों लगता है कि वे अब काम से बाहर हैं? भगवान सब देख रहा है। मैं करण को बहुत पसंद करता था और एक कम बजट की फिल्म बनाना चाहता था। लगभग 4 करोड़ रुपए की।'

### बिपाशा प्रोजेक्ट में जबरदस्ती शामिल हुईं

मीका आगे कहते हैं कि उस समय वो विक्रम भट्ट को बतौर निर्देशक अफोर्ड नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने उन्हें भूषण पटेल को डायरेक्टर के लिए चुना। हालात तब बदल गए जब बिपाशा ने इस प्रोजेक्ट में शामिल होने की जिद की। मैं किसी और एक्ट्रेस को लेने पर विचार कर रहा था, लेकिन वह इसका हिस्सा बनना चाहती थीं। शूटिंग लंदन में सेट की गई थी। बजट 4 करोड़ से बढ़कर 14 करोड़ हो गया। फिर बिपाशा ने जो नाटक क्रिएट किया, उससे यह तय हो गया कि मुझे प्रोडक्शन में आने का हमेशा अफसोस रहेगा। यह एक ऐसी टीम थी जिसके साथ वह सहज थीं और वे दोनों एक कपल की भूमिका निभा रहे थे। उनका किसिंग सीन भी था। अचानक, वो नखरे दिखाने लगीं कि वह ऐसा नहीं करेंगी। मीका ने यह भी साझा किया कि उन्होंने कभी भी उनके पेमेंट में देरी नहीं की। लेकिन जब डबिंग की बात आई तो वो भी पूरा करना मुश्किल होने लगा। उन्होंने कहा, 'किसी न किसी का गला हमेशा खराब रहता है। अगर एक समय बिपाशा बीमार थी तो दूसरे समय करण बीमार थे। बता दें कि एमएक्स ओरिजिनल की क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'डेंजरस' 2020 में रिलीज़ हुई। मीका इस सीरीज के प्रोड्यूसर थे। विक्रम भट्ट ने इसकी कहानी लिखी थी।



# क्या रवि दुबे-सरगुन मेहता की जोड़ी छोटे पर्दे पर साथ आएंगी नजर?

हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रवि दुबे और सरगुन मेहता एक नए टीवी सीरियल में साथ नजर आएंगे। यह दोनों एक फैमिली ड्रामा सीरियल का हिस्सा जल्द ही बनेंगे। रवि दुबे और सरगुन मेहता असल जिंदगी में भी पति-पत्नी हैं, दोनों की शादी साल 2013 में हुई थी। सरगुन मेहता ने कई टीवी सीरियल्स किए हैं। इन दिनों वह पंजाबी फिल्मों में लीड एक्ट्रेस के तौर पर एक्टिव हैं। रवि दुबे भी कई टीवी सीरियल कर चुके हैं। होस्टिंग भी करते हैं। जल्द ही वह रणबीर कपूर की फिल्म रामायण में लक्ष्मण की भूमिका निभाते हुए दिखेंगे।



# जन औषधि केन्द्र जनता के लिए वरदान: डा. महेश शर्मा

## जन औषधि दिवस पर लाभार्थियों से की बात



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा, ने जन औषधि दिवस के अवसर पर गंगा शॉपिंग कांप्लेक्स स्थित प्रधानमंत्री की जन आकांक्षी योजना ''जन औषधि केंद्र'' में जाकर जन औषधि केन्द्र का जायजा लिया और साथ ही वहा आये हुये लाभार्थियों से बात की और औषधि केंद्र की जेनेरिक दवाइयां के गुणवत्ता और किफायती दामों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं स्वयं डाक्टर भी हूँ और इसलिए आप सभी लोगों को भरोसा दिलाता हूँ कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की दवाइयां बहुत उच्च गुणवत्ता की है जरूरतमंद मरीजों के लिए काफी कम खर्च पर उपलब्ध है। इन सभी केन्द्रों पर हर बीमारी के इलाज की दवाई मिलती है। लाभार्थियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आभार प्रकट करते है कि मोदी जी द्वारा प्रारंभ किए गए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां प्रदान करना है। इस परियोजना के तहत, भारत सरकार द्वारा जन औषधि केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जहां लोगों को दवाइयाँ न केवल सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होंगी, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाली भी होंगी।

प्रधानमंत्री मोदी के आव्हान पर जब जन औषधि केंद्र की घोषणा हुई तब नोएडा शहर का पहला प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र गंगा शापिंग कांप्लेक्स में 8 वर्ष पूर्व अनूप खन्ना ने शुरू किया गया और सुनिश्चित किया गया कि यहां पर जेनेरिक दवा के अलावा और कुछ भी नहीं मिलता है। इस अवसर पर सभी महिलाओं को सैनिटरी नैपकिंस सभी लोगों को वस्त्र भी प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, रोहित शर्मा, विपुल जोहरी, अमित कुमार, नोडल अधिकारी जन औषधि केन्द्र, राकेश, अमन आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया सेक्टर-32 डंपिंग ग्रांउड का दौरा

## आग पर काबू करने के दिये प्राधिकरण अफसरों को निर्देश



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 32 नोएडा में प्राधिकरण द्वारा बनाये गए अस्थायी ग्रीन डिस्पोजल ग्राउंड में 2 दिन पहले आग लगने से हो रही परेशानी को देखते हुए नोएडा विधायक पंकज सिंह ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों व स्थानीय निवासियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान आग बुझाने के बाद भी लगातार निकल रहे धुँए पर जल्दी काबू पाने व भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए विधायक ने मौके पर उपस्थित प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा अमित त्यागी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष ओमवीर अवाना, डीडीआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एनपी सिंहस भाजपा प्रदेश कार्य समिति अध्यक्ष महेश अवाना, पूर्व अध्यक्ष एन पी सिंह, सुशील शर्मा, विपुल शर्मा, धर्मेंद्र चौहान, बबलू यादव, प्रदीप चौहान, गौतम शर्मा सहित स्थानीय निवासी एवं प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंत्योदय सेवा केंद्र में मनाया महिला दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लक्ष्य अंत्योदय सेवा केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन का आयोजन किया गया। हिमगिरि जनसेवा द्वारा संचालित लक्ष्य अंत्योदय सेवा केंद्र सेक्टर 55 नोएडा में यह आयोजन किया गया।



केन्द्र संचालक एवं कार्यक्रम संयोजक सुनीता नयाल ने बताया कि महिला दिवस एवं होली मिलन गीत संगीत एवं नृत्य के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गरीब महिलाएं हीरा देवी ,कुमकुम, सुनीता, मधु आदि एवं छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनीता जोशी नोएडा विभाग कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति RSS ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में नयी चेतना एवं उल्लास का माहौल उत्पन्न होता है।

विशिष्ट अतिथि ममता शर्मा, मनोज शर्मा, दीपा जोशी चम्पा मनराल शीला पंत ब्लोगर रहे एवं मंच संचालन पुष्पा भट्ट ने किया कार्यक्रम में शारदा अधिकारी, दीपा रावत, मुन्नी देवी रो सरिता गुणवत कमलेश रावत रेखा कुसुम तिवारी उर्मिला दिमरी तारा देवी राधा जोशी सुंदरी बिष्ट रजनी इष्टवाल विनीता रावत ,अनीता लोहानी विनिता माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर भाजपा कार्यालय में हुआ आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-116 स्थित भाजपा कार्यालय नोएडा में महिला मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का बृहत स्तर पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नोएडा महानगर के विधायक पंकज सिंह और जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता की उपस्थिति रही।



इस कार्यक्रम में समाज में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता बहनों को व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मान किया गया। साथ ही अंग दान करने की प्रेरणा देने के लिए डॉक्टर श्वेता गोयल (आँखों की स्पेशलिस्ट) ने अपने प्रेरणादायक विचार द्वारा नेत्र दान को प्रोत्साहित किया और कैम्प लगाया।विशिष्ट अतिथि के रूप में निवर्तमान पूर्व विधायक तथा पूर्व उप्र महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख सुचित्रा पाठक कक्कड़ , जिला महामंत्री गिरिजा सिंह ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला बहनों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी ने की।

कार्यक्रम में महामंत्री गणेश जाटव, महामंत्री उमेश त्यागी, शिवानी शरद, राज श्री गुप्ता, मधु मेहरा, डॉ दीपाली दीक्षित, शारदा सिंघल, रेनू बाला, रेखा सिंह, सविता सिंह, ऊषा किशोर, साइमन चौधरी, प्राची सिंह, ममता सिंह, आरती व समस्त मंडल अध्यक्ष टीम के साथ उपस्थित रहीं।

# सीडीओ ने 25 महिलाओं को किया सम्मानित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल ने अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पी0आई0आई0टी0 कॉलेज ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर में महिला सशाक्तिकरण एवं विविध क्षेत्रों मे उल्लेखनीय तथा सराहनीय कैमरा कार्य करने वाली 25 महिलाओं को मोमेंटो एवं प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, जिला दिव्यांग संशक्तिकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश कुमार, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जितेन्द्र एवं राहुल वर्मा, अनील भाटी महिला उन्नति संस्थान से उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण में एनईए ने मनाया महिला दिवस





**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के एम्प्लाइज एसोसिएशन (एनईए) कार्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती दिव्या काकरान अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं पदक विजेता ,श्रीमती मीना भार्गव महाप्रबंधक नियोजन एवं श्रीमती शोभा कुशवाहा सहायक महाप्रबंधक नोएडा प्राधिकरण तथा सैकड़ों महिलाएँ मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमति दिव्या काकरान के द्वारा अपने संघर्ष व श्रीमती शोभा कुशवाहा द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के बारे में बताया गया। साथ ही मीना भार्गव द्वारा और अधिक कार्य करने व अन्य को प्रेरित करने के लिए कहा गया। अंत में चौधरी राजकुमार सिंह अध्यक्ष नोएडा एंप्लाइज एसोसिएशन के द्वारा सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। एसोसिएशन के सचिव नीरज राणा,अमित कुमार व कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार,श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।


SAHARA BUILDER & PROPERTIES™

ISO 9001:2008

PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US : +919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower,Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308



